डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



# आधुनिक समाचार



हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा

वर्ष-12 अंक-05 | प्रयागराज, रविवार 29 जनवरी 2023 से शनिवार 04 फरवरी 2023 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये | समारोह/विशेषांक - पेज.नं0-08

## संक्षिप्त समाचार

### अमिताभ कांत ने कहा दुनिया में चल रहे संकट के कारण भारत की जि-20 अध्यक्षता बेहद महत्वपूर्ण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**हैदराबाद।** जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि भारत की उ-20 अध्यक्षता निर्णायक, समावेशी और परिणाम युक्त होगी। उन्होंने रेखांकित किया कि यह सम्मेलन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 78 प्रतिशत और दुनिया की दो-तिहाई आबादी सीधे तौर पर शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि यह सम्मेलन दुनिया में चल रहे संकट के कारण भी बेहद महत्वपूर्ण है। मालूम हो कि जी 20 इंडिया प्रेसीडेंसी के हिस्से के रूप में एक नया सहभागिता समूह को स्थापित किया गया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि इसका उद्देश्य स्टार्टअस की सहायता करने और स्टार्टअप्स, निगमों, निवेशकों, नवाचार एजेंसियों और अन्य प्रमुख परितंत्र हितधारकों के बीच तालमेल स्थापित करने के लिए एक वैश्विक अवधारणा विकसित करना है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस समूह के माध्यम से जी20 के सदस्य देशों



के लिए स्टार्टअप के लिए एक साझा मंच प्रदान किया जाएगा। स्टार्टअप20 के तहत पांच कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्टार्टअप20 की इंसेप्शन मीट 28 से 29 जनवरी को हैदराबाद में होगी, जबकि शिखर सम्मेलन का आयोजन जुलाई 2023 में गुरुग्राम में होगा जिसमें भारत के विभिन्न हिस्सों में तीन कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। हैदराबाद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम कई देशों के पर्यवेक्षक शामिल होंगे। इस बैठक में करीब 80 प्रतिनिधियों के आने की उम्मीद है।

## चेन्नई में होगी जी20 एजुकेशन वर्किंग ग्रुप की बैठक, तकनीक आधारित शिक्षा को समावेशी बनाने पर होगा खास ध्यान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**चेन्नई।** देशों के पहले शिक्षा समूह की बैठक एक और दो फरवरी को चेन्नई में होगी। उ20 शिक्षा कार्य समूह, मिश्रित शिक्षा के संदर्भ में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता सुनिश्चित करने, तकनीक-सक्षम शिक्षा को सभी स्तर पर ज्यादा समावेशी, गुणात्मक और सहयोगी बनाने, क्षमताओं का निर्माण करने, भविष्य के संदर्भ में जीवनपर्यंत क्षमता निर्माण कार्य सीखने को बढ़ावा देने, अनुसंधान को मजबूत करने, समृद्ध सहयोग और साझेदारी के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। मद्रास के रिसर्च पार्क में आयोजित होगा सेमिनार शिक्षा समूह की बैठक से पहले घ्छ्ऊ मद्रास के रिसर्च पार्क में 'शिक्षा में डिजिटल प्रौद्योगिकी की भूमिका' पर एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा। रिसर्च पार्क में आयोजित होने वाले सेमिनार में अंतरराष्ट्रीय संगठनों सहित 13 उ20 सदस्य और अतिथि देश भाग लेंगे। इससे पहले बैठक की तैयारियों की समीक्षा के लिए विदेश मंत्रालय, शिक्षा



मंत्रालय, राज्य सरकार और घ्छ्ऊ मद्रास की एक टीम ने 9 जनवरी को बैठक भी की थी।सेमिनार को पैनल चर्चा के रूप में तीन सत्रों में विभाजित किया गया है। 12 शिक्षार्थियों के लिए सुलभ और समान शिक्षा प्रदान करना, उच्च गुणवत्ता वाले सीखने के अवसरों को सक्षम करना और कौशल शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उभरती हुई प्रौद्योगिकियां। यहां पर आने वाले विदेशी प्रतिनिधियों को एक फरवरी को चेन्नई से लगभग 55 किलोमीटर दूर पर्यटन स्थल महाबलीपुरम का दौरा करवाया जाएगा, जहां वो शोर मंदिर, पांच रथ और अन्य धरोहर स्मारकों का दौरा करेंगे। सेमिनार का आयोजन लचीला और समावेशी शिक्षा और कौशल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने और प्रत्येक विद्यार्थी की रचनात्मक क्षमता का पता लगाने के लिए किया जा रहा है जिसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में और ज्यादा स्पष्ट किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को वैश्विक मंच पर साझा करने के लिए उ20 एक अवसर प्रदान करेगा। इसके अलावा पूरी दुनिया की सर्वोत्तम प्रथाओं को सीखने और उजागर करने का अवसर मिलेगा।

## शहीद दिवस पर बीबीएमपी की बड़ा फैसला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**कर्नाटक।** बृहत बेंगलुरु महानगर पालिके (बीबीएमपी) ने शुक्रवार को आदेश जारी किया है जिसके मुताबिक 30 जनवरी यानी शहीद दिवस के दिन मांस की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। साथ ही बीबीएमपी अधिनियम में सभी मांस व मछली की दुकानों को बंद करने और मांसाहारी व्यंजन परोसने व बिक्री पर 30 जनवरी से 20 फरवरी तक रोक लगाने का आदेश दिया। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि कोई इस आदेश का उल्लंघन करता है तो बीबीएमपी अधिनियम




ने यह आदेश भी जारी किया है कि 30 जनवरी से 20 फरवरी तक आगामी एयरो इंडिया 2023 शो के मद्देनजर येलहंका क्षेत्र में भी मांस की बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध रहेगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि एयरशो के पक्षियों को टकराने से रोका जा सके। यदि कोई इस फैसले का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। येलहंका जोन, बीबीएमपी के ज्वाइंट कमिश्नर ने वायु सेना स्टेशन येलहंका के 10 किमी के दायरे 2020 और भारतीय विमान नियम 1927, नियम 91 के तहत सजा सुनाई जाएगी। दरअसल, जब बड़े पक्षी जैसे चील, बाज आदी मांस के टुकड़ों को देखते हैं तो उसकी ओर आकर्षित हो जाते हैं। अगर उस दिन भी ये बड़े पक्षी नीचे की ओर आते हैं तो इससे एयर शो के दौरान समस्याएं हो सकती हैं। बीबीएमपी के एक अधिकारी ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए नगर निकाय द्वारा मांस पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है।

## गोवा जाने से पहले जान लें पर्यटन विभाग की एडवाइजरी भारी पड़ सकती हैं ये गलतियां

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**पणजी।** अगली बार जब आप गोवा आएं और अन्य पर्यटकों के साथ 'सेल्फी' लेना चाहें या उनकी तस्वीर खींचना चाहें तो पहले उनकी अनुमति ले लें ताकि उनकी निजता का सम्मान



हो सके। ये निर्देश पर्यटकों के लिए गोवा पर्यटन विभाग की तरफ से जारी एडवाइजरी का हिस्सा है और इसका मकसद पर्यटकों की निजता की रक्षा, उनकी सुरक्षा और असामाजिक तत्वों द्वारा उन्हें ठगे जाने से बचाना है। गुरुवार को जारी दिशानिर्देशों में कहा गया है ''अन्य पर्यटकों/अपरिचित लोगों की अनुमति के बिना सेल्फी या तस्वीरें ना लें, खासकर धूप सेंकने या समुद्र में तैरने के दौरान, ताकि उनकी निजता का सम्मान किया जा सके।'' इसमें पर्यटकों को खतरनाक स्थानों पर 'सेल्फी' लेने से मना किया गया है। इसके साथ ही विभाग ने गोवा आने वाले यात्रियों को सलाह दी है कि विरासत स्थलों को नष्ट या क्षतिग्रस्त ना करें। एडवाइजरी में यात्रियों से कहा गया है कि वो मीटर से टैक्सी का किराया देने पर जोर दें। यात्रियों को पर्यटन विभाग के साथ पंजीकृत होटल आदि में ही ठहरने की सलाह दी गई है। एडवाइजरी में कहा गया है कि समुद्र तटों सहित अन्य खुले क्षेत्रों में शराब का सेवन प्रतिबंधित है और ये एक दंडनीय अपराध है। हालांकि, शराब का सेवन कानूनी रूप से लाइसेंस प्राप्त परिसरों जैसे रेस्तरां/होटल आदि में जिम्मेदारी से किया जा सकता है। विभाग ने कहा है कि गोवा में भारत और विदेशों से हर साल लाखों पर्यटक आते हैं, उन्हें निजी वाहन किराए पर लेने/किराए पर कैब लेने/ मोटरबाइक लेने से बचना चाहिए जो परिवहन विभाग के साथ पंजीकृत नहीं हैं। इएडवाइजरी में कहा गया है कि पर्यटकों को सलाह गई दी है कि वो अवैध दलालों या एजेंटों से दूर रहें। केवल पंजीकृत ट्रैवल एजेंटों या पंजीकृत ऑनलाइन पोर्टल से ही बुकिंग करें। खुले इलाकों में खाना बनाना प्रतिबंधित है और इस नियम का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जा सकती है, साथ ही खाना पकाने का सामान जब्त किया जा सकता है और 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## पीएम मोदी ने एनसीसी की वार्षिक रैली को संबोधित 75 रुपये का स्मारक सिक्का होगा जारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी का संबोधन शाम 5 बजकर 45 मिनट पर होगा। बता दें कि एनसीसी इस साल अपनी स्थापना का 75वां वर्ष मना रहा है 75 रुपये का स्मारक सिक्का जारी करेंग इस मौके पर पीएम मोदी एनसीसी के 75 सफल वर्षों के उपलक्ष्य में 75 रुपये के मूल्य का स्मारक सिक्का जारी करेंगे। रैली का आयोजन दिन और रात के एक हाईब्रिड कार्यक्रम के रूप में किया जाएगा। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा 19 देशों के 196 अधिकारी, कैडेट होंगे शामिल 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के अनुरूप 19 देशों के 196 अधिकारियों और कैडेटों को इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है इससे पहले पीएम ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों के सवालों के जवाब दिए। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम में मोदी ने छात्रों को टिप्स भी दिए। मोदी ने इस दौरान छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि समय प्रबंधन केवल परीक्षाओं के लिए ही नहीं, बल्कि आपके दैनिक जीवन में भी महत्वपूर्ण है, बस अपने काम को प्राथमिकता दें। आप घर में अपनी मां को काम करते हुए देखिए, उनका टाइम मैनेजमेंट परफेक्ट होता है। आपको माइक्रो मैनेजमेंट करना है कि किस विषय को कितना टाइम देना है।



## मोदी करेंगे राजस्थान का चौथा दौरा, कांग्रेस पायलट वोट बैंक में सेंध लगाने की तैयारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को भीलवाला के आंसीद का दौरा करेंगे। यहां पीएम मोदी गुर्जर समाज के प्रमुख आराध्य भगवान श्री देवनारायणजी के 1111वें अवतरण मोहत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी सुबह 11.30 से 12.45 बजे तक मालासेरी डूंगरी पर समारोह में मौजूद रहेंगे। इस दौरान वह सबसे पहले भगवान श्रीदेवनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। जहां प्रधानमंत्री को मंदिर के मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल पूजा करवाएंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री लाखों लोगों की जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आध्यामिक मंच से गुर्जर समाज को बड़ा संदेश देंगे। सूत्रों के मुताबिक गुर्जर समाज के प्रदेशभर से कई संतों को कार्यक्रम में बुलाया गया है। बीजेपी संगठन के कार्यकर्ता और गुर्जर समाज के सामाजिक कार्यकर्ता संयुक्त रूप से कार्यक्रम को बड़ा बनाने की तैयारियों में जुटे हैं। पीएम मोदी के दौरे से राजस्थान के मालासेरी डूंगरी को देश में नई पहचान मिलेगी। क्षेत्र का सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक उत्थान होगा। मोदी गुर्जर समाज को सामाजिक तौर भी महत्वपूर्ण संदेश दे सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के राजस्थान के लगातार चौथे दौरे को सियासी ढंग से देखा जा रहा है। इश् मोदी के इस दौरे के जरिए भाजपा राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाने की तैयारी कर



रही है। इसके साथ ही सचिन पायलट का गुर्जर समाज पर प्रभाव कम करने की कोशिश भी की जा सकती है। इस साल होने हैं राजस्थान विधानसभा चुनाव पीएम नरेंद्र मोदी का राजस्थान में यह पिछले 4 महीने में तीसरा दौरा है। इससे पहले मोदी 1 नवंबर 2022 को बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम आए थे और जनसभा को संबोधित किया था। इससे पिछले दौरे में 30 सितम्बर 2022 को मोदी राजस्थान में आबू रोड आए थे। वह गुजरात के अम्बा माता से लौटते समय आबू रोड हेलीपैड पहुंचे और कार्यक्रम के मंच से ही राजस्थान की धरती और जनसमूह को 3 बार झुककर प्रणाम किया था। पीएम के दौरों के राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं।देशभर में गुर्जर समाज की संख्या करीब 8 करोड़ है। प्रदेश में ये 60 लाख हैं। 11 लोकसभा और 35 से 40 विधानसभा सीटों पर गुर्जर समाज का प्रभाव है। 33 में से 12 जिलों में गुर्जर समाज के लोग रहते हैं। बीते विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने गुर्जर समाज के 12 नेताओं को टिकट दिया था, जिनमें 8 जीते थे। भाजपा ने 9 गुर्जर नेताओं को प्रत्याशी बनाया था, जिनमें से एक भी चुनाव नहीं जीत सका था। अगले साल लोकसभा के चुनाव भी होने हैं। इसका सीधा फायदा भाजपा को लोकसभा चुनाव में मिल सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भीलवाड़ा में एक बड़ा पंडाल बनाया गया है, जिसकी ऊंचाई लगभग 8 फीट है। स्टेज की लंबाई 28 फीट और 56 फीट चौड़ाई है। इस कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस पंडाल में लगभग 1 लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। वहीं, मुख्य पंडाल के साथ-साथ अन्य पंडाल भी बनाए जा रहे हैं, जहां ज्यादा से ज्यादा लोग बैठ सके। प्रधानमंत्री मोदी के भीलवाड़ा में हो रहे कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। पीएम मोदी की धर्मसभा में आने के लिए वाहनों की पार्किंग के लिए जगह चिन्हित कर पार्किंग स्थल की साफ-सफाई का कार्य अंतिम चरण में है। पार्किंग स्थल पर लोग अपनी चार पहिया और दो पहिया वाहनों को खड़ा कर सकेंगे।

## असम सरकार बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र का करेगी विस्तार, पांच विधानसभा क्षेत्रों के 60 गांव होंगे शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गुवाहाटी।** असम सरकार सोनितपुर जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों के 60 और गांवों को शामिल करके बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र क्षेत्र का विस्तार करेगी। 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के राज्य स्तरीय कार्यक्रम असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को कहा कि बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र में ढेकियाजुली, सूटिया, बिश्वनाथ, अन्य समुदाय के थे क्योंकि उन्हें नहीं मालूम था कि किन गांवों को बीटीआर में शामिल किया जाएगा। मालूम हो कि सोनितपुर जिले के अंतर्गत आने वाले 43 राजस्व गांवों और 17 एफआरसी गांवों सहित कुल 60 गांवों को बीटीआर में शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री सरमा ने यह भी घोषणा की कि बोडो लोगों के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले साल 2001 के



बेहाली और गोहपुर नामक विधानसभा क्षेत्रों के बोडो बहुल गांवों को शामिल किया जाएगा सरमा ने कहा कि यह बोडोलैंड क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए जनवरी 2020 में हस्ताक्षर किए गए त्रिपक्षीय बोडो समझौते को लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में है। मुख्यमंत्री के इस ऐलान का बोडो समुदाय ने स्वागत किया था, हालांकि इससे उन लोगों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई जो शहीदों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वे मुख्य कार्यकारी सदस्य प्रमोद बोरो ने असम के मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे बीटीआर में एक स्थायी शांतिपूर्ण वातावरण बनाने में मदद करेगा। बीटीआर में वर्तमान में कोकराझार, बक्सा, चिरांग और उदलगुरी सहित कुल चार जिले शामिल हैं।

## युवा पुलिस अधिकारियों को इंटरपोल प्रमुख की सीख

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** इंटरपोल नोटिसों के प्रति ईमानदारी का भाव सभी संबद्ध लोगों में होना चाहिए। यह भाव उसकी व्यवस्था से जुड़े अधिवक्ताओं, विशेषज्ञों और स्वतंत्र आयोग में होना चाहिए। यह बात इंटरपोल के महासचिव जर्गेन स्टाक ने तीसरे इंटरपोल यंग ग्लोबल पुलिस लीडर्स प्रोग्राम में अपने वर्चुअल संबोधन में कही। इस कार्यक्रम का आयोजन सीबीआइ ने किया था। इसमें 44 देशों के युवा पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। महासचिव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संगठन जब किसी मामले में नोटिस जारी करता है तो उसे विश्वास होता है कि सदस्य देश उस पर ईमानदारी से कार्रवाई करेंगे। यह सभी के हित में होता है। दुनिया भर के पुलिस संगठनों के बीच समन्वय बनाने वाली संस्था इंटरपोल भगोड़े, लापता लोगों, अपराध की कार्यप्रणाली, बिना पहचान वाले शव और खुफिया सूचनाओं के संबंध में विभिन्न रंगों के नोटिस जारी करता है। इन नोटिसों पर संज्ञान लेकर सदस्य देश अपेक्षित सूचनाएं उपलब्ध कराते हैं या अपराधी को गिरफ्तार करते हैं।

## डीआरआई की बड़ी कार्रवाई, छापेमारी में 139 दुर्लभ जानवर बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कर्नाटक वन विभाग और राजस्व खुफिया निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। दोनों एजेंसियों ने संयुक्त कार्रवाई में बेंगलुरु के एक



फार्म हाउस में छापेमारी कर 139 जानवरों को बरामद किया है। इनमें 48 विभिन्न प्रजाति के जानवर हैं। 34 ऐसी प्रजातियां भी शामिल हैं, जो वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्त प्रजातियों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन के तहत सूचीबद्ध हैं। डीआरआई ने इस संबंध में एक बयान जारी किया है। बयान में कहा गया कि एजेंसी को जानवरों की तस्करी की खुफिया सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने 22 जनवरी को केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आए एक महिला के अलावा तीन यात्रियों को रोका गया। बैंकॉक के यात्रियों से 18 विदेशी जानवर बरामद बयान में कहा गया कि चेक-इन के दौरान जांच की गई तो 18 विदेशी जानवरों (चार प्राइमेट और 14 सरीसृप) को बरामद किया गया। इनमें से 10 जानवर ण्र्छ्ऊिएं लिस्ट में शामिल हैं। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 में ऐसे जानवरों का आयात प्रतिबंधित हैं। डीआरआई अधिकारियों ने आरोपी यात्रियों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया।डीआरआई ने बताया कि आरोपियों ने वन्यजीव के आयात के वैध दस्तावेज पेश नहीं किए। बयान में कहा गया कि आरोपी व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इनकी खरीद-फरोख्त करते थे।



# इस बार गर्मी में प्रयागराज से कई शहरों के लिए मिलेगी डायरेक्ट उड़ान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** संगमनगरी से इस बार गर्मी में कई शहरों के लिए सीधी उड़ान शुरू हो सकती है। जम्मू, गुवाहाटी, हैदराबाद, नागपुर, जयपुर, चेन्नई की उड़ान को ग्रीष्मकालीन शेड्यूल में जगह देने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इंडिगो, एलाइंस एयर के के लिए एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में प्रस्ताव भी दिया गया था, जिस पर अमल किया जा रहा है। वहीं, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु आदि के घटाए गए फेरों को भी पूर्व की स्थिति में लाने पर भी विचार किया जा रहा है। एयरपोर्ट सलाहकार समिति की अध्यक्ष एवं सांसद केशरी



अलावा दो अन्य विमानन कंपनियों ने प्रयागराज से नए शहरों के लिए विमान सेवा उपलब्ध कराने के लिए मंत्रालय से संपर्क किया है। मार्च के आखिरी सप्ताह में ग्रीष्मकालीन शेड्यूल लागू होगा। यदि ऐसा होता है तो बुकिंग भी शुरू हो जाएगी। अप्रैल से नई समय सारिणी के अनुसार ही विमानों का आवागमन होगा। पूर्व में इन शहरों देवी पटेल ने बताया कि उड्यन मंत्री को भी प्रयागराज की जरूरत के अनुसार विमान सेवा उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा गया है। जो फेरे घटाए गए हैं, उन्हें बढ़ाने व नए शहरों के लिए सीधी उड़ान शुरू करने का भी प्रस्ताव भेजा गया है। कोशिश है कि महाकुंभ से पहले मांगें पूरी हो जाएं।

## विश्व हिंदू परिषद द्वारा सामाजिक समरसता कार्यक्रम सीतापुर मे हुआ सफल आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सीतापुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा सामाजिक समरसता और खिचड़ी सहयोग कार्यक्रम नैपालापुर स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में किया गया जिसमें विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नवीन अग्रवाल जी ने अपने उद्बोधन में कहा की सामाजिक समरसता के माध्यम से भाईचारा का संदेश बढ़ाया जा सकता है इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव जी प्रांत सह संयोजक बजरंग दल उत्तम जी जिला संगठन मंत्री कमलेश सिंह जी जिला सह मंत्री श्री त्रिपुरेश जी उमेश बोक्शा जी व कार्यक्रम के आयोजक नगर टीम के नगर अध्यक्ष श्री प्रमोद सिंह जी नगर संयोजक सूरज जी नगर सह संयोजक लवकुश जी प्रशांत जी सदर बाजार प्रखंड के नेतराम जी काशी राम कालोनी प्रखंड के संदीप सक्सेना जी, डॉ बालकृष्ण जी साहिल जी दीपक जी सूरज जी सुनील जी दिवाकर जी जितेंद्र जी धर्मेंद्र जी धीरेंद्र जी आदि नगर व जिले के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज की।

# लायंस इंटरनेशनल की ई-कचरा की मुहिम जारा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के मंडल 321ई के एसोसिएट कैबिनेट सेक्रेटरी लायन कम्प्यूटर, फ्रिज, मोबाइल, मानिटर, इलेक्ट्रॉनिक चूल्हा, मिक्सर, बच्चों के खिलौने आदि सामान घरों में मौजूद है जिसका




हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इंटरनेशनल उपाध्यक्ष लायन ए पी सिंह जी ने पर्यावरण संरक्षण के तहत इलेक्ट्रॉनिक कचरा की मुहिम 13 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाई जा रही हैं जिसमें लोगों को ई कचरा के लिए जागरूक किया जाएगा लायन गुप्ता ने बताया कि हर घर में पुराने खराब या अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक सामान मौजूद हैं जिसे ना फेंका जा सकता है ना ही कोई कीमत रह गई हैं जैसे पुराने कैसट, फ्लॉपी, वी सी आर, ऑडियो सिस्टम, एलईडी टीवी, निस्तारण सही तरीके से करना चाहिए जिससे पर्यावरण को हानि ना हो। आप सभी भी इस मुहिम से जुड़े, इसे लायन सदस्यों के माध्यम से निस्तारित करे। अन्य सहायता और जानकारी के लिए 9839909618, 8948530767, 9415253714 पर संपर्क करे। लायंस क्लब द्वारा हिन्दुस्तान ई वेस्ट कंपनी के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक कचरा निस्तारित कराया जा रहा है।

# बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** 26 /1/ 2023 को भाविनी वेल्फेयर सोसाइटी के अंतर्गत संचालित भाविनी डे केयर सेंटर अशोक नगर प्रयागराज के प्रांगण में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों द्वारा गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ एनएचआरसीसीबी की जिला अध्यक्ष श्रीमती श्वेता साहू जी एवं संस्था के सचिव पूनम सिंह द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । इस अवसर पर एनएचआरसीसीबी की टीम से श्रीमती नीता भारद्वाज जी ,मीराजी और अन्य सदस्य गण भी शामिल रहे ।संस्था की सचिव पूनम सिंह द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया । बच्चों द्वारा पुष्प देकर अतिथियों का स्वागत किया गया । ईश्वर की वंदना तन हो सुंदर मन हो सुंदर प्रभु मेरा जीवन हो सुंदर गीत से सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा





किया गया । साहिल चौधरी द्वारा कहता है जोकर सारा जमाना पर नृत्य प्रस्तुत किया गया । माही सिंह द्वारा सर पर हिमालय का छत्र है, चरणों में गंगा एकत्र है पर नृत्य प्रस्तुत किया गया । साहिल अनिरुद्ध अमोस पुष्पिका , तेज ,तेजस, रूद्र, दर्शनी, जोसेफ, रियांश, वैभव द्वारा ग्रुप डांस आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की नृत्य प्रस्तुत किया गया । राजश्रीजी (सखी संघ ग्रुप )की मेंबर द्वारा बच्चों को टिफिन बॉक्स भी दिया गया ।बच्चों को समोसे, फल, मिठाईयां भी वितरित किए गए । सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेष योगदान सुनीता मिश्रा ( कोऑर्डिनेटर) शीलू सोनकर, सरिता पाल ,कृष्णा चौधरी और हर्षवर्धन सिंह का रहा ।अभिभावकों में विशेष योगदान रितु भटनागर, अर्चिता अरोरा, मीनाक्षी सिंह ,भावना सिंह ,सुनीता चौधरी का रहा ।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सोनल श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## बीएचएस के छात्रों के झगड़े में बवाल, फायरिंग और बमबाजी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** बीएचएस (ब्वायज हाईस्कूल) में बारहवीं के छात्रों की फेयरवेल पार्टी में अवार्ड को लेकर हुए विवाद में रविवार रात कटरा में एक छात्र के घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ के बाद फायरिंग और बमबाजी की गई। पथराव में गाड़ियों के कांच टूट गए। चार-पांच लोग मामूली जख्मी भी हुए। खबर पाकर पुलिस पहुंची तो दोनों पक्षों के लोग और छात्र कर्नलगंज थाने पहुंचे। थाने पर देर तक बातचीत के बाद समझौता हो गया और किसी पक्ष ने एफआइआर नहीं लिखाई।




## रामचरित मानस का अपमान करने वाले स्वामी प्रसाद धूर्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** बतौर मुख्य अतिथि राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के सदस्य स्वामी वासुदेवानंद महाराज ने कहा कि रामचरित मानस पर इस तरह की टिप्पणी का किसी को अधिकार नहीं है। स्वामी प्रसाद मौर्य बड़े धूर्त हैं। उन्हें इसके लिए जनता दंड देगी। माघ मेले में सोमवार को ऋषिकेष के स्वामी कृष्णाचार्य के शिविर में हुए संत सम्मेलन में सनातन संस्कृति पर हमले को लेकर चिंता जताई गई। बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के बाद सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की ओर से रामचरित मानस को बकवास बताने और इस ग्रंथ पर रोक लगाने वाली टिप्पणी पर संतों में उबाल की स्थिति रही। बतौर मुख्य अतिथि राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के



सदस्य स्वामी वासुदेवानंद महाराज ने कहा कि रामचरित मानस पर इस तरह की टिप्पणी का किसी को अधिकार नहीं है। स्वामी प्रसाद मौर्य बड़े धूर्त हैं। उन्हें इसके लिए जनता दंड देगी। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे रामानुजाचार्य [illegible] वासुदेवाचार्य ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे लोगों का कोई चरित्र नहीं है। ये वोट के चटोरे हैं। राम चरित मानस का उन्होंने जिस तरह अपमान किया है, उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए। इस दौरान संतों ने गंगा निर्मलीकरण के अलावा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का भी मुद्दा उठाया। इस सम्मेलन का विषय था- संत हृदय नवतीत समाना।

# नौ साल बाद मिला न्याय दुष्कर्म के मामले में तीन दोषियों को 20-20 साल की सजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कौशांबी।** अपर जिला जज सप्तम नीरज कुमार उपाध्याय की अदालत ने सोमवार को सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपितों को 20 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर एक लाख 14 हजार रुपये बच्चा लाल पुत्र बादल, संतोष पुत्र बाबूलाल के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया। विवेचक ने वीरेंद्र, धन्ना और संतोष के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। शासकीय अधिवक्ता ने मुकदमा के दौरान छह गवाहों को पेश किया।



का जुर्माना भी लगाया गया। शासकीय अधिवक्ता शशांक खरे के मुताबिक करारी क्षेत्र के इंदिरा नगर निवासी एक व्यक्ति ने 13 जुलाई 2014 को करारी थाने में तहरीर दी थी। उसमें उसने आरोप लगाया कि खेत की ओर गई बेटी के साथ चार लोगों ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपितों गुलाम नूर का पूरा निवासी धन्ना पुत्र बाबूलाल, वीरेंद्र कुमार पुत्र बच्चा लाल, अपर जिला जज सप्तम नीरज कुमार उपाध्याय ने गवाहों के बयान सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद आरोपित वीरेंद्र कुमार, धन्ना और संतोष को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास और एक लाख 14 हजार का अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# माघ मेला पुलिस का सराहनीय कार्य




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माघ मेला के संगम तट पर अपने परिवार के संग स्नान करने आयी काजल चौरसिया पुत्री राकेश चौरसिया निवासी रामनगर शुक्लागंज उन्नाव की निवासी हैं। दिनांक 22.01.2023 को काजल चौरसिया का पैसों व कागजात से भरा पर्स संगम महावीर मार्ग के आस पास कहीं गिर गया। काफी खोजबीन के बाद नहीं मिला, निराश होकर काजल द्वारा थाना संगम में अपना पर्स खो जाने की सूचना दी गई। संगम थाना प्रभारी द्वारा ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारीगणों व मेला कण्ट्रोल रूम को सूचित किया गया कि काजल चौरसिया का 2300 रुपये व पर्स कही खो गया है सूचना मिलने पर तत्काल सूचित करें। ड्यूटी के दौरान तैनात उप निरीक्षक सुजीत कुमार मय हमराह को एक लावारिस पर्स महावीर मार्ग पर मिला। मौके से थाना प्रभारी संगम को सूचित किया गया, आरक्षी द्वारा सूचना मिलने पर थाना प्रभारी द्वारा पर्स में पहचान पत्र के माध्यम से सम्बन्धित को सूचना दी गयी कि आपका पर्स पुलिस चौकी संगम माघ मेला के कार्यालय में रखा है आप आकर अपना पर्स ले जायें। काजल चौरसिया पुलिस चौकी संगम माघ मेला पहुंचकर उप निरीक्षक सुजीत कुमार के द्वारा 2300 रूपये व कागजात से भरा पर्स सम्बन्धित को पहचान कराकर वापस किया गया। मौके पर पैसा व पर्स पाकर काजल चौरसिया ने पुलिस के मानवीय कार्य की प्रसंशा की और आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक माघ मेला डा0 राजीव नारायण मिश्र द्वारा पुलिस के इस सराहनीय कार्य की प्रसंशा की और उप निरीक्षक सुजीत कुमार मय हमराह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

# थाना खीरी पुलिस द्वारा 1 नफर अभि0 गिरफ्तार कब्जे से 20 ली0 नाजायज देशी शराब बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** थाना खीरी पुलिस द्वारा आज दिनांक 23.01.2023 को अभियुक्त लालजी निषाद पुत्र स्व0 कालू निषाद नि0 ग्राम पिपरहटा थाना खीरी प्रयागराज को थाना खीरी




क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम पिपरहटा से ककराही जाने वाले मार्ग पर पड़ने वाले नाला पुलिया के पार वहद ग्राम पिपरहटा थाना खीरी जनपद प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त लालजी निषाद उपरोक्त के कब्जे से एक हरे रंग के पिपिया में 20 लीटर नाजायज देशी शराब बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खीरी में मु0अ0सं0 08/2023 धारा 60 पंजीकृत किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी । **गिरफ्तार अभियुक्त-** लालजी निषाद पुत्र स्व0 कालू निषाद उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम पिपरहटा थाना खीरी जनपद प्रयागराज पंजीकृत अभियोग- मु0अ0सं0 08/2023 धारा 60 थाना खीरी पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज **बरामदगी-** एक हरे रंग की पिपिया में 20 लीटर नाजायज देशी शराब बरामद । **गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**1. उ0नि0 अवध कुमार गौतम थाना खीरी पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज 2. हे0का0 रशीद अहमद थाना खीरी पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज 3. हे0का0 त्रिवेन्द्र सिंह थाना खीरी पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज।

# दरोगा की कार से सरकारी पिस्टल ले उड़े चोर, महकमे मे मची खलबली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** खुल्दाबाद थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां चोर एक दरोगा की कार से उसकी सरकारी पिस्टल ले उड़े। घटना छोड़कर पास ही स्थित एक दुकान पर चले गए। कुछ देर बाद वापस आने पर नजर कार की सीट पर पड़ी तो होश उड़ गए। वहां से उसकी सरकारी पिस्टल गायब थी। दरोगा सुराग मिल पाया था। खास बात यह है कि खुल्दाबाद पुलिस इस मामले को छिपाने में लगी रही। इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने कहा ऐसी कोई



शनिवार रात हुई और रविवार देर रात तक पुलिस न तो पिस्टल बरामद कर सकी और न ही चोरों का कोई सुराग हासिल कर पाई थी। एसआई जगनारायण सिंह खुल्दाबाद थाने की कर्बला चौकी में बतौर प्रभारी तैनात हैं। सूत्रों का कहना है कि शनिवार रात वह अपनी कार से प्रयागराज जंक्शन के पास गए थे। इस दौरान अपनी सरकारी पिस्टल कार में ही काफी देर तक इधर-उधर तलाश करता रहे लेकिन पिस्टल का कुछ पता नहीं चला। सूत्रों का कहना है कि इसके बाद इंस्पेक्टर व अन्य साथी पुलिसकर्मियों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद सभी पिस्टल तलाशने में जुट गए। हालांकि रविवार देर रात तक न तो पिस्टल बरामद हुई और न ही इसे उड़ाने वाले चोर का कोई घटना नहीं हुई है, न ही उन्हें इस तरह की कोई जानकारी है। उधर, डीसीपी नगर संतोष कुमार मीणा से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। फिलहाल ऐसी किसी घटना की जानकारी मुझे नहीं है। इस संबंध में इंस्पेक्टर व संबंधित पुलिसकर्मी से पूछताछ के बाद ही कुछ बता पाऊंगा।

## सरस्वती इंटर कॉलेज सगरा सुंदरपुर के छात्र-छात्राओं के रंगारंग कार्यक्रम से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।**सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सगरा सुंदरपुर में स्वर्ण जयंती वर्ष प्रोफेसर रज्जू भैया की स्मृति में एक भव्य वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वन्दना के बाद स्वागत गीत लेकर आईं मुस्कान बानो एवं सुधा सरोज व अन्य छात्राएं।इन छात्राओं का गीत मुख्य अतिथि एवं उपस्थित दर्शकों को सम्मान की अनुभूति से भर दिया।कार्यक्रम में वसंत गीत ने जहाँ वसंत की आहट आहट का संदेश देकर लोगों को भावविभोर किया तो वहीं होली का गीत भी आनंद की सरिता में श्रोताओं को निमग्न किया। सामाजिक कुरीतियों पर एकांकी और प्रहसन ने लोगों को न केवल संदेश दिया बल्कि उन्हें खूब हँसाया और गुदगुदाया। कॉलेज के संस्थापक एवं प्रबंधक मुख्य अतिथि प्रोफेसर शिवाकांत ओझा पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन में शिक्षा की महत्ता एवं उपादेयता पर प्रकाश डाला।उन्होंने ग्रामीण अंचल में अपने द्वारा स्थापित इस कालेज के उद्देश्यों का भी विधिवत उल्लेख किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए कॉलेज की प्रगति का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।इस अवसर पर प्रेम शंकर द्विवेदी, बालेंद्र ओझा,आशुतोष सिंह, अशोक शुक्ला,वीर नारायण तिवारी आदि शिक्षकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।कार्यक्रम में मुस्कान बानो, सुधा सरोज,सृष्टि त्रिपाठी,रिचा पांडे,मेधा पांडे,अंशिका तिवारी, सपना जोशी, आस्था,आराध्या, शगुन,अभिजीत,दीपांशी,रेणुका ,शाश्वत मिश्रा आदि ने विविध कार्यक्रमों में अपनी सरस भूमिका का निर्वहन किया।इस अवसर पर रामजी जायसवाल,श्याम जी जायसवाल,राजेश मिश्र,देवी प्रताप सिंह,डॉ0हरीश चंद्र शुक्ला,राम अवधेश मिश्र उप प्रबंधक सरस्वती विद्या मंदिर,लालता प्रसाद पांडे,उमेश मिश्र सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।कॉलेज की दो पूर्व छात्राएं रत्ना मिश्रा आत्मजा राजेश चंद्र मिश्र को असिस्टेंट प्रोफेसर बनने पर एवं रिचा ओझा पुत्री ललित नारायण ओझा को डिप्टी जेलर बनने पर पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र प्रताप सिंह जी अवकाश प्राप्त अध्यापक जिला संचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया।

# मनिहार वेलफेयर ट्रस्ट करेगा बिरादरी के कमजोर बच्चों की तालीम में मदद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** मनिहार वेलफेयर ट्रस्ट का एक जलसा सगरा सुंदरपुर में आयोजित किया गया जिसको बतौर हरसंभव सहायता प्रदान करना ट्रस्ट की पहली प्राथमिकता होती है। हम-सब मिलकर एक मजबूत संगठन बनाएं जिससे हमारे समाज में फैली करेगा जो तालीम हासिल करना चाहते हैं और जिंदगी में मुकाम हासिल करना चाहते हैं।उन्हें हर संभव सहायता देकर उन्हें तालीम दिलवाई जाएगी।




मुख्य अतिथि खिताब करते हुए प्रदेश महासचिव शकील मनिहार ने कहा कि बिरादरी की तालीम से ही इस बिरादरी की ताकत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रस्ट बिरादरी के कमजोर लोगों के बच्चों की तालीम के लिए खुले दिल से अपना हाथ बढ़ाएगा और उनकी तालीम में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा।लालगंज तहसील अध्यक्ष मौलाना शाबान नूरी मनिहार की अध्यक्षता और इसरार अहमद उर्फ गुड्डू के संयोजन में हुई इस बैठक में भारी संख्या में मनिहार समाज के लोगों ने शिरकत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष हाफ़िज़ रियाज़ अहमद ने कहा कि समाज में गरीबों,यतीमो,को बुराईयों को खत्म किया जा सके।उन्होंने प्रतापगढ़ जिले में जिला अध्यक्ष डॉ0सूफ़ी मुश्ताक अहमद मनिहार की अध्यक्षता में बढ़ रहे इस टेस्ट की खुले दिल से सराहना की। जिलाध्यक्ष सूफी डॉ0मुस्ताक अहमद ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि प्रतापगढ़ ज़िला एक मजबूत ज़िले के रूप में उभर कर सामने आएगा।प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद इस्माइल ने कहा कि हम-सब अपनी सोच को सकारात्मक रखें मनिहार वेलफेयर ट्रस्ट के प्रति विश्वास बनाएं रखें। जिला महासचिव अमीन सिद्दीकी ने कहा यह ट्रस्ट बिरादरी के गरीब और मजलूम लोगों के उन बच्चों की पहचान बैठक में न्यूज स्टैंण्डर्ड दैनिक समाचार पत्र के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ0रणजीत सिंह का ट्रस्ट के द्वारा सारस्वत सम्मान किया गया।उन्होंने भी अपने शैक्षिक विचारों को बैठक में रखा। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद शफीक,अब्दुल कादिर अमेठी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य,शाहिद अली,सद्दाम हुसैन मीडिया प्रभारी,समीम अहमद,मुखतार अहमद, डाक्टर असद, मोहम्मद ईशा, मुश्ताक अहमद, कुद्दूस,मो0 मुकीम,अकबर अली,मोहम्मद मुख्तार,मोहम्मद असलम,हन्नान भाई,इमरान आदि लोग मौजूद रहे।

# संस्था की सफलता का मूल आधार होता है अभिलेखीकरणः विमल कुमार सिंह



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हरहुआ।** किसी भी संस्था की सफलता का मूल आधार होता है उसके कार्यों का अभिलेखीकरण उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत चल रहे ग्राम संगठन पुस्तक संचालकों के पाँच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में व्यक्त की। जिला मिशन प्रबन्धक श्रवण कुमार सिंह मास्टर ट्रेनर ने पुस्तक संचालकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी प्रशिक्षण में दी गयी अभिलेखीय जानकारी को अच्छी तरह से सीखें और इसे अपने-अपने ग्राम संगठनों में लागू करें। पाँच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान बी.आर.पी. लीलावती मौर्या व संगीता मौर्या द्वारा प्रतिभागियों को ग्राम संगठन फण्ड, कार्यवाही रजिस्टर, ऋण व ब्याज निकालने का तरीका, वादा पत्र तैयार करना आदि विस्तार से सिखाया। प्रशिक्षण में विक्रम सिंह, अमरनाथ द्विवेदी, सुरेश तिवारी, मुलायम सिंह यादव सहित वाराणसी जनपद के विकास खण्ड आराजीलाइन व चोलापुर से चयनित 30 ग्राम संगठन पुस्तक संचालक उपस्थित रहे। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व बैग वितरित किया गया।

# थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा अभियुक्त शंशाक मिश्रा पुत्र सुरेश मिश्रा नि0 1जे0 गंगाघाट रोड़ थाना शिवकुटी, प्रयागराज को थाना सिविल लाइन्स क्षेत्रान्तर्गत इन्दिरा भवन के पीछे वाली गेट के पास से गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल 1-5 यामहा सम्बन्धित मु0अ0सं0- 20/2023 धारा 379 भादवि बरामद किया गया। अभियुक्त उपरोक्त द्वारा उक्त गाड़ी का नम्बर प्लेट बदलकर गाड़ी चलाया जा रहा था। गिरफ्तारी, बरामदगी व नम्बर प्लेट बदलकर चलाने के कारण अभियोग उपरोक्त में धारा की बढ़ोत्तरी करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही धारा 379/419/467/468/471/411 भा0द0सं0 में नियमानुसार की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण शंशाक मिश्रा पुत्र सुरेश मिश्रा नि0 8/1जे0 गंगाघाट रोड़ थाना शिवकुटी जनपद प्रयागराज उम्र करीब 19 वर्ष।

# उसरी कांड में 21 साल बाद आया नया मोड़ मुख्तार अंसारी पर दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गाजीपुर।** थाना क्षेत्र के उसरी चट्टी के पास मुख्तार अंसारी के काफिले पर हुए हमले के मामले में 21 वर्ष बाद मुख्तार अंसारी सहित पांच के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। एडीजी के आदेश पर हुई कार्रवाई के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। 15 जुलाई 2001 को यूसुफपुर फाटक आवास से मऊ जाने दौरान हमलावरों ने उसरी चट्टी पर मुख्तार अंसारी के काफिले पर हमला किया था। उसमें उनके सरकारी गनर सहित तीन लोग मारे गए थे, जबकि नौ लोग घायल हुए थे। थाना क्षेत्र के उसरी चट्टी के पास मुख्तार अंसारी के काफिले पर हुए हमले के मामले में 21 वर्ष बाद मुख्तार अंसारी सहित पांच के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। एडीजी के आदेश पर हुई कार्रवाई के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। 15 जुलाई 2001 को यूसुफपुर फाटक आवास से मऊ जाने दौरान हमलावरों ने उसरी चट्टी पर मुख्तार अंसारी के काफिले पर हमला किया था। उसमें उनके सरकारी गनर सहित तीन लोग मारे गए थे, जबकि नौ लोग घायल हुए थे। हमले के दौरान बिहार के बक्सर जनपद के राजपुर थाना क्षेत्र के सगरांव गांव का मनोज राय भी मारा गया था। मुख्तार अंसारी ने उस मामले में माफिया बृजेश सिंह, त्रिभुवन सिंह आदि को नामजद किया था। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। केस में बाँदा जेल में बंद वादी मुख्तार अंसारी की गवाही होनी है, लेकिन हर तारीख पर कोई न कोई कारण से पुलिस प्रशासन मुख्तार की गवाही नहीं करा पा रहा।



# रामचरितमानस पर टिप्पणी कर फंसे स्वामी प्रसाद, दर्ज हुई एफआईआर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी करके कानूनी मुश्किल में फंस गए हैं। स्वामी प्रसाद के खिलाफ राजधानी लखनऊ के ऐशबाग निवासी शिवेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्वामी प्रसाद के खिलाफ आईपीसी की धारा 295 ए, 298, 504, 505(2), 153 ए के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है। स्वामी प्रसाद के विवादित टिप्पणी को लेकर भाजपा सपा पर हमलावर हो गई है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य सपा सरकार के भोंपू हैं। अखिलेश यादव बताएं कि स्वामी प्रसाद के बयान पर उनका क्या मत है। इस बयान से करोड़ों रामभक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। यदि अखिलेश यादव स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान से सहमत नहीं हैं तो वह सपा से निष्कासित होंगे और यदि सहमत हैं तो स्वामी सपा में बने रहेंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा शासन में ही राम भक्तों पर गोलियां चलाईं गई थी। बिहार में लालू की पार्टी के नेता जो काम कर रहे हैं वही काम सपा के लोग कर रहे हैं।



# केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी बोले- 'घाटा खत्म होने पर तेल कंपनियों से कीमतें कम करने को कहूंगा'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि बीते नौ महीने से देश में तेल की कीमतों में वृद्धि नहीं हुई है। इनकी कीमतें घटाने का अधिकार सरकार के पास है भी नहीं। मगर, मैं तेल कंपनियों से अनुरोध करूंगा कि यदि अंतरराष्ट्रीय कीमतें नियंत्रण में हैं और घाटा खत्म होता है तो कीमतें कम कर दें। तेल कंपनियों ने बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला- पुरी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी रविवार को वाराणसी में नमो घाट पर आयोजित सीएनजी बोट रैली के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की कीमतें बढ़ीं, लेकिन तेल कंपनियों ने इसका बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला। डीजल की कीमतें दिसंबर, 2021 से दिसंबर, 2022 के बीच केवल तीन प्रतिशत बढ़ीं। अमेरिका में यह वृद्धि 34, कनाडा में 36, स्पेन में 25, स्पेन में 25 और ब्रिटेन में 10 प्रतिशत रही। दिसंबर 2021 में देश में डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर था, जो एक साल बाद 89.62 रुपये हो गया। पेट्रोल 95.41 रुपये से बढ़कर 96.72 रुपये प्रति लीटर हो गया। हरदीप पुरी ने कहा कि सरकार ने 2020 में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 13 रुपये और डीजल पर 15 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी, जब महामारी में वैश्विक ऊर्जा कीमतों को कम कर दिया था। उत्पाद शुल्क में यह वृद्धि नवंबर 2021 और मई 2022 में दो किस्तों में वापस ले ली गई। कुछ राज्यों ने भी ईंधन पर वैट या स्थानीय बिक्री कर में कटौती की। सरकार 2025 तक तेल अन्वेषण क्षेत्र को पांच लाख वर्ग किलोमीटर और 2030 तक 10 लाख वर्ग किलोमीटर तक बढ़ाने का लक्ष्य बना रही है।



# लखनऊ बिल्डिंग हादसे से जुड़े सपा नेता के बेटे की गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** मेरठ से हिरासत में सपा विधायक शाहिद मंज़ूर के बेटे नवाजिश को पुलिस ने किया गिरफ़्तार घण्टों चली नवाजिश से पूछताछ, पूछताछ करने के बाद नवाजिश को गिरफ़्तार कर के लखनऊ के लिए रवाना हुई मेरठ पुलिस नवाजिश और तारिक ने किया था यज़दान बिल्डर से एग्रीमेंट, ज़मीन नवाजिश के नाम पर.. तारीक और फ़ाहद की पुलिस कर रही तलाश. नवाजिश की बहन फ्लैट में रहती है..तारिक़ कि लोकेशन ट्रेस की जा रही है।



# वाराणसी में गंगा पार रेती में बनने वाले फोरलेन सड़क की डिजाइन तैयार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** श्रीकाशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग एवं गंगा आरती के सुगम दर्शन के लिए गंगा पार रेती पर राजघाट से रामनगर तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क और सिग्नेचर ब्रिज का डिजाइन बनने के साथ लोक निर्माण विभाग ने निजी एजेंसी से डिजाइन तैयार करा लिया है। लखनऊ में उच्च अधिकारियों ने डिजाइन पर सहमति जताते हुए लोक निर्माण विभाग को तेजी से तैयारी करने को कहा है। वहीं, बड़ा प्रोजेक्ट होने के चलते लोक निर्माण विभाग एक निजी एजेंसी से अनुबंध करने में जुटा है। कई एजेंसी लोक निर्माण विभाग के संपर्क में है, जल्द ही शासन से मुहर लगने के साथ काम शुरू हो जाएगा। गंगा पार दशाश्वमेध घाट के सामने बनेगा हेलीपैड, पार्किंग गंगा पार राजघाट से रामनगर तक प्रस्तावित 8.15 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क पर कैबिनेट में मुहर लगने के साथ लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को जल्द से जल्द काम शुरू करने का निर्देश दिया गया है। 2372 करोड़ का प्रोजेक्ट होने के कारण लोक निर्माण विभाग अपने स्तर से कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहा है। वहीं, विभाग के लिए बड़ा प्रोजेक्ट होने के कारण शासन स्तर पर निर्णय लिया गया है कि निजी एजेंसी को साथ में लिया जाए जिससे साधन और संसाधन में पूरा सहयोग करे। गंगा पार प्रस्तावित फोरलेन के लिए तैयार डिजाइन में हरियाली पर विशेष जोर दिया गया है। सड़क के किनारे आक्सीजन देने वाले पेड़ के साथ रंग-बिरंगे पौधे लगाए जाएंगे जो आकर्षण का केंद्र होगा। सड़क पर जगह-जगह प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। सड़क के किनारे दीवारों पर काशी की संस्कृति झलकेगी। यात्रियों को बैठने के लिए शेड और कुर्सी होंगे। गंगा किनारे आकर्षक ढंग की जेटी के साथ सिग्नेचर ब्रिज और हेलीपैड की भी डिजाइन बनाई गई है। तीन फिंगर जेटी (जहां जलयान को ठहराया जा सके) का निर्माण, मंदिर के लिए सिग्नेचर ब्रिज, हेलीपैड, हुनर हार्ट, फूड प्लाजा, किड्स प्ले जोन, योग सेंटर, ग्रीन पार्क, फिंगर जेटी के पास पार्किंग एवं सर्विस रोड।



# रेलवे के म्यूजियम मे मासूम बच्चो ने उठाया लुप्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समाज में बालिकाओं के सशक्ति करण एवं उनके सामने आने वाली असमानताओं को दूर करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को ''राष्ट्रीय बालिका दिवस'' के रूप में मनाया जाता रहा है। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर रेल म्यूजियम में मंगलवार को बेटियों को एक अभिभावक के साथ निःशुल्क प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर 527 बालिकाओं ने अपने अभिभावक के साथ रेल म्यूजियम का आनन्द लिया। ''राष्ट्रीय बालिका दिवस'' पर सभी रेल कर्मियों के मोबाइल पर बेटियों को समर्पित संदेश प्रसारित किया गया। इसका प्रचार-प्रसार रेलवे के प्लेटफार्मों एवं अन्य स्थानों पर टेलीविजन पोस्टर व बैनर आदि के माध्यमों से किया गया। इसकी जानकारी पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्कअधिकारी ने दी।



# गुजरात के अडानी मुद्रा पोर्ट में खड़ा था टैंकर बनारस में हो गया चालान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** ओवरलोडिंग चालान से बचने के लिए डाफी टोल प्लाजा पर फर्जी नंबर प्लेट और फर्जी फास्टैग का खेल बहुत तेजी से चल रहा है। टोल प्लाजा से गुजरने वाली ओवरलोड ट्रकों की सूची परिवहन विभाग को मिल जाती है। इसी सूची से आनलाइन चालान कर दिया जा रहा है। ओवरलोडिंग के इस खेल में फर्जी नंबर प्लेट लगाने वालों के शिकार हो रहे कार और कुछ ट्रक मालिक। ऐसा ही मामला मूलरूप से कौलाहर, मथुरा के रहने वाले प्रेमपाल का है जिन्होंने लंका थाने में फर्जी मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। प्रेमपाल का कहना है कि इनका एलपीजी (इंडेन) गैस टैंकर गुजरात से अलीगढ़ चलता है। गाड़ी का नंबर यूपी 70 एफटी 9131 है। 16 जनवरी को इसी गाड़ी का चालान परिवहन विभाग द्वारा डाफी टोल प्लाजा में कर दिया गया, जबकि उस दिन गाड़ी मुंद्रा अदाणी कोट गुजरात में थी। प्रेमपाल का आरोप है कि हमारी गाड़ी का नंबर लगाकर कोई फर्जी तरीके से वाराणसी में चला रहा है, जिसने आइडीएफसी बैंक से फास्टैग ले रखा है। उसका नाम कार्तिक तथा मोबाइल नंबर 8039661888 है। प्रेमपाल ने बताया कि हमारी सभी गाड़ियों पर आइसीआइसीआइ बैंक का फास्टैग लगा है। प्रेमपाल के अनुसार उनकी 10 गाड़ियां हैं, जिसमें जीपीएस भी लगा है। वह अपनी सभी गाड़ियों की सूची के साथ ही जीपीएस और माल की बिल्टी भी पुलिस को दिए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। टोल प्लाजा हेड मनीष कुमार ने बताया कि आइडीएफसी बैंक द्वारा बनाए जा रहे फास्टैग से सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा चल रहा है। गिट्टी बालू लेकर चल रही गाड़ियों के मालिक बाहरी गाड़ियों का नंबर प्लेट बनाकर उसी नंबर का फास्टैग लेकर फर्जी रूप से चला रहे हैं। इस तरह के मामले को लेकर डाफी टोल प्लाजा पर अक्सर विवाद होता रहता है।




# माघ मेला पुलिस लाइंस में हुई डी ब्रीफिंग, महापर्व सकुशल संपन्न होने पर सभी को बधाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में आज दिनांक 22.01.2023 को महास्नान पर्व पर उमड़े जन सैलाब को कन्ट्रोल करने और मौनी अमावस्या के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र की अध्यक्षता में डी-ब्रीफिंग गोष्ठी आयोजित की गयी। इस दौरान मुख्य स्नान पर्व पर ड्यूटी के दौरान तैयारियों के सम्बन्ध में समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी/अन्य शाखा प्रभारी से वार्ता की गई तथा अनुभव साझा किये गये एवं 'प्रतिपुष्टि' का आकलन करते हुए आगामी स्नान पर्व पर उक्त तैयारियों को अच्छे से सुधारा जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला द्वारा उक्त तैयारियों के संम्बन्ध में वार्ता करते हुए सम्बान्धित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए निर्देशित किया गया। महास्नान पर्व मौनी अमावस्या के सकुशल सम्पन्न होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारी गण को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पुलिस अधीक्षक माघ मेला आदित्य कुमार शुक्ल व सभी अपर पुलिस अधीक्षक माघ मेला एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी/अन्य शाखा प्रभारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




100% Placement

सीधे प्रवेश

15% Fee Concession

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा)
- डेटा इंट्री आपरेटर
- फायर सेफ्टी
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग
- इलेक्ट्रीशियन
- सीएनसी प्रोग्रामिगं
- इलेक्ट्रिक मैकैनिक

फिटर
वेल्डर
सीसीए
रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
सिक्योरिटी सर्विस
बेसिक कम्प्युटर
कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306, 9415608710, 8103021873

➪ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा, तीसरी मंजिल, सिविल लाइन, प्रयागराज।

# सम्पादकीय

## प्रगति को नए पंख लगाएंगे जलमार्ग, आम आदमी और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए होंगे लाभदायक

पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज-एमवी गंगा विलास के साथ कई अन्य अंतर्देशीय जलमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत में नदी जलमार्ग की क्षमता का लाभ लेने के नए दौर का सूत्रपात हो रहा है। वस्तुतः देश में लंबे समय से जल परिवहन में शामिल अंतर्देशीय जलमार्गों और तटीय नौवहन के विकास की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिन जलमार्गों को देश का प्राकृतिक पथ कहा जाता है वे अतीत में भारतीय परिवहन की जीवन रेखा हुआ करते थे। ये जलमार्ग शताब्दियों से कारोबार, उद्योग और आर्थिक शक्ति का मुख्य आधार हुआ करते थे, लेकिन अंग्रेजों के आगमन के बाद जलमार्गों की लगातार उपेक्षा हुई। खासतौर से बीती एक शताब्दी में भारत में जल परिवहन क्षेत्र बेहद उपेक्षित होता चला गया। देश की आजादी के बाद भी सड़क, रेल और वायुमार्गों की होड़ में परंपरागत जीवनदायी जलमार्ग नजरअंदाज होते गए। ज्ञातव्य है कि देश में 7,500 किलोमीटर लंबा समुद्री तट और करीब 14,500 किलोमीटर संभावित नौवहन योग्य जलमार्ग है। देश को इस विशाल नदी मार्ग पर हमेशा बहती रहने वाली नदियों, झीलों और बैकवाटर्स का उपहार भी मिला हुआ है। गौरतलब है कि देश नदी जलमार्गों की प्राचीन शक्ति का उपयोग करने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। इसके लिए देश की बड़ी नदियों में जलमार्ग विकसित करने के लिए नया कानून और विस्तृत कार्ययोजना लाई गई है। 2014 में देश में केवल पांच राष्ट्रीय जलमार्ग थे, अब 111 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं। परिणामस्वरूप नदी जलमार्ग के माध्यम से कार्गो परिवहन में पिछले आठ साल में तीन गुना वृद्धि हुई है। पहले यह आंकड़ा 30 लाख मीट्रिक टन था। जलमार्ग पर्यावरण की रक्षा के लिए भी अच्छे हैं और पैसे की भी बचत करते हैं। जलमार्गों के संचालन की लागत सड़क मार्गों की तुलना में ढाई गुना कम है और रेलवे की तुलना में एक तिहाई कम है। यही कारण है कि चीन और अमेरिका सहित कई यूरोपीय देशों ने जैसे-जैसे विकास की ओर कदम बढ़ाए वैसे-वैसे वे अपने जलमार्गों का अधिक उपयोग करने लगे। कई यूरोपीय देश अपने कुल माल और यात्री परिवहन के लिए जल परिवहन का बहुतायत में उपयोग करते हैं। इतना ही नहीं यूरोप के कई देश आपस में इसी साधन से बहुत मजबूती से जुड़े हुए हैं। उन्होंने जलमार्गों को अपनी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ बना लिया है।यहां यह उल्लेखनीय है कि भारत की नई लाजिस्टिक नीति और गतिशक्ति योजना का आगाज अभूतपूर्व रणनीतियों के साथ हुआ है। इनके तहत जल परिवहन के विकास से लाजिस्टिक लागत के बोझ को घटाया जा सकता है। इसी तरह से मैरीटाइम इंडिया मिशन देश के बंदरगाहों के विकास और लाजिस्टिक लागत घटाकर समुद्री अर्थव्यवस्था से देश को लाभान्वित करने से संबंधित है। इसके तहत बंदरगाहों के विकास के साथ ही जलमार्गों का विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। भारत सागरमाला परियोजना के तहत 574 से अधिक बंदरगाहों के विकास पर वर्ष 2035 तक 82 अरब डालर का निवेश करेगा। इससे समुद्री नौवहन क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाई जाएगी और जलमार्गों का विकास किया जाएगा। भारत में जलमार्गों की निरंतर विकास प्रक्रिया एक विकसित भारत के निर्माण के लिए मजबूत कनेक्टिविटी तथा देश के व्यापार और पर्यटन को नई ऊंचाई देने के लिए जरूरी है। भारत में हजारों किलोमीटर के जलमार्ग नेटवर्क को विकसित करने की क्षमता है। ऐसे में अब और राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास कर देश की आर्थिक-सामाजिक तस्वीर को संवारने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाने होंगे। भारत में जो 125 से ज्यादा नदियां और नदी धाराएं हैं, वे लोगों और सामान के परिवहन में इस्तेमाल की जा सकती हैं। ये भारत में जलमार्ग और बंदरगाहों के साथ-साथ उनके आसपास के क्षेत्रों के विकास में मदद कर सकती हैं। जाहिर है अब जल परिवहन का बुनियादी ढांचा तैयार करने और परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए संसाधन जुटाने के लिए पीएम गतिशक्ति योजना और नई लाजिस्टिक नीति के कारगर क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा।

# बिल्थरारोड-औड़िहार-इंदारा सहित स्टेशनों का डीआरएम ने किया निरीक्षण

पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने आज शनिवार को रेल अधिकारियो संग विंडो टेलरिंग निरीक्षण के दौरान दोहरीकरण,विद्युती करण से संबंधित बिल्थरारोड स्टेशन पर हुए विकास कार्यों की समीक्षा की उस दरम्यान अवैध अतिक्रमण देख भड़क गए।डीआरएम ने तत्काल हटाने के लिऐ निर्देश संबंधित अधिकारियो को दिए। बिल्थरारोड स्टेशन पर डीआरयूसीसी के सदस्य देवेन्द्र कुमार गुप्त और व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रशांत कुमार जायसवाल मंटू सहित व्यापारियों आम जनमानस ने डीआरएम रामाश्रय पांडेय को माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

रेलवे के विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय ने इस खण्ड पर चल रही दोहरीकरण, विद्युतीकरण समेत अन्य निर्माण परियोजनाओं की प्रगति एवं विकास कार्यों के दौरान संरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। इस निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने बिल्थरारोड स्टेशन का निरीक्षण किया।इस दौरान स्टेशन की परिचलनिक व्यवस्था,यात्री सुख सुविधाओं, सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन के प्रवेश द्वार का ड्रेनेज ठीक करने एवं खाली पड़ी रेलवे भूमि पर पे एण्ड यूज शौचालय बनाने का निर्देश दिया। इसके पूर्व मंडल रेल प्रबंधक ने मऊ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया, पे एण्ड यूज शौचालय, स्टेशन पैनल, प्लेटफार्म, यात्री आरक्षण केंद,फूड स्टाल,एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल, वेंडरों के लाइसेंस एवं यात्री सुख सुविधाओं का निरीक्षण किया।इसके पश्चात मंडल रेल




प्रबंधक ने इंदारा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इंदारा-दोहरीघाट रेल परियोजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यो कार्य योजना देखी एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने औड़िहार-भटनी रेल खण्ड के विंडो ट्रेनिंग निरीक्षण के दौरान औड़िहार रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन की साफ सफाई, स्टेशन पैनल, स्टेशन, अधीक्षक रूम में विकास कार्यों में लगे अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों से प्रगति की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने औड़िहार में निर्माणाधीन तीन नए प्लेट फॉर्म, प्रतीक्षालय, अनारक्षित एवं आरक्षित टिकट काउन्टरों का निरीक्षण किया। तदुपरान्त अपनी निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से विंडो ट्रेनिंग निरीक्षण करते हुए मा माहपुर स्टेशन पहुँचे और स्टेशन का निरीक्षण किया।उन्होंने ने अधिकारियों को अर्निंग बोर्ड तथा आस-पास बिखरे परित्यक्त सामानों को व्यवस्थित ठंग से रखने का आदेश दिया उसके बाद उन्होंने सेफ्टी हेतु पॉइंट न0 204" का गेज परीक्षण किया। पाई गई कमियों हेतु संबंधित को कार्यवाही का आदेश दिया।तदुपरान्त मंडल रेल प्रबंधक विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए सादात स्टेशन पहुंचे और सादात में स्टेशन पैनल, प्लेटफार्म, स्टेशन भवन तथा स्टेशन पर चल रहे कार्यों का गहन निरीक्षण किया उन्होंने ग्रामीण एवं मीडिया कर्मी को बताया कि औड़िहार-सादात रेलखण्ड का दोहरीकरण का कार्य एव सेकेण्ड इंट्री गेट का निर्माण मार्च माह के अंत तक पूर्ण हों जायेगा।उन्होंने सादात रेलवे स्टेशन भवन की छत पर लगे सोलर प्लेटे का भी निरीक्षण किया। इसके बाद निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने दुल्लहपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। स्टेशन भवन के मुख्य द्वार के बाहर यात्रियों की सुविधा हेतु अप्रोच रोड बनाने का निर्देश दिया।इसी क्रम में उन्होंने पिपरिडीह स्टेशन का भी निरीक्षण किया और स्टेशन पर रेलवे की भूमि पर से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी रामाश्रय पाण्डेय संग मुख्य परियोजना प्रबंधक-3 (न्थ्) रेल विकास लिमिटेड वी0के0 शुक्ला, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय अनुज वर्मा,उपमुख्य इंजीनियर निर्माण, पंकज सिंह,उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर निर्माण आशुतोष पाण्डेय,एवं उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण नितेश पाण्डेय, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक ए0पी0 सिंह,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा,वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर द्वितीय यशवीर सिंह वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण) आर0 एन0सिंह, वरिष्ठ विधुत इंजीनियर आपरेशन अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ औड़िहार-भटनी रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण कर रहे हैं। अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने मीडिया को बताया कि इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक अपनी निरीक्षण स्पेशल से भटनी के लिए रवाना हुए।

# सड़क दुर्घटनाओं के कारण और निवारण नई तकनीक निभा सकती है महत्वपूर्ण भूमिका

नववर्ष के आगमन पर जब पूरा देश नए उत्साह और नई आशाओं से लबरेज था तब राजधानी दिल्ली में एक हिट एंड रन केस ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। इससे कुछ ही दिन पहले क्रिकेटर रिषभ पंत एक सड़क हादसे में बाल-बाल बचे। पिछले वर्ष सितंबर के महीने में जाने-माने उद्योगपति साइरस मिस्त्री तो ऐसी भयावह सड़क दुर्घटना के शिकार बने कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ये कोई इक्का-दुक्का मामले नहीं हैं। भारत में हर साल करीब डेढ़ लाख लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते हैं। यह स्थिति तब है जब भारत में विश्व के तकरीबन 10 प्रतिशत वाहन ही हैं, लेकिन सड़क हादसों में एक चौथाई लोग भारत में जान गंवाते हैं। ऐसे अनगिनत उदाहरणों और तथ्यों की कड़ी कहीं न कहीं सड़क सुरक्षा के बिंदु पर आकर जुड़ती है। ये हमें यही स्मरण कराते हैं कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारे लिए तत्काल कितना महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि हम सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित कैसे बनाएं? दिल्ली हिट एंड रन केस के तुरंत बाद कई तरह की मांगें सामने आईं। उनमें दिल्ली पुलिस में नई भर्तियों से लेकर आरोपित ड्राइवर को मौत की सजा देने जैसी मांगें शामिल हैं, लेकिन क्या ऐसे कदम कारगर होंगे?सड़क हादसे क्यों होते हैं? इसके मुख्यतः छह कारण हैं। पहला-अंधाधुंध रफ्तार के कारण, दूसरा-ट्रैफिक नियमों को तोड़ने के कारण, तीसरा-नशे में गाड़ी चलाने या गाड़ी चलाने के दौरान नींद आने के कारण, चौथा-खस्ताहाल सड़कों या उन पर अतिक्रमण के कारण और पांचवां गाड़ियों की खराब हालत और आखिरी कारण है तत्काल चिकित्सा सहायता की अनुपलब्धता के चलते। सड़क हादसों से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है तकनीक में निवेश करना। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआइ तकनीक बड़ी सहायक हो सकती है। वाहनों को एआइ से लैस करके उनकी ट्रैकिंग संभव है। इससे वाहन की ड्राइविंग



और रफ्तार के पैटर्न पर नजर रखी जा सकेगी और ड्राइवर का संपर्क स्टीयरिंग व्हील से टूटते ही पता लगाकर ड्राइवर को सतर्क किया जा सकेगा। यदि हम इसे जीपीएस से जोड़ दें और 'जियो-फेंसिंग' जैसी तकनीक का इस्तेमाल करें तो शहरी एवं दुर्घटना आशंकित क्षेत्रों में वाहनों की अधिकतम गति को अपने आप ही नियंत्रित कर सकेंगे, जिससे हादसे का खतरा कम हो जाएगा। इसी तकनीक का इस्तेमाल रात के वक्त या घने कोहरे के समय भी किया जा सकता है। चूंकि तमाम सड़क हादसे ड्राइवर की थकान या झपकी लगने के कारण होते हैं, इसलिए इस मामले में सतर्क करने वाली तकनीकें विकसित करना उपयोगी होगा। ऐसी तकनीकों में स्टीयरिंग व्हील के पैटर्न से लेकर ड्राइवर की आंखों और चेहरे की लगातार निगरानी की जाती है ताकि उसकी थकान का पता चल सके। इस प्रकार के सिस्टम को सभी ट्रकों और बसों के लिए अनिवार्य किया ही जाना चाहिए, क्योंकि उनके चालक अक्सर रात के समय और कई घंटों तक लगातार वाहन चलाते हैं। अन्य देशों के उदाहरणों पर गौर करें तो आस्ट्रेलिया ने प्रायोगिक तौर पर 'इग्निशन लाकिंग सिस्टम' लागू किया है, जिसमें जब ड्राइवर अपनी श्वास का सैंपल देता है, तभी उसकी गाड़ी स्टार्ट होती है। अगर उसने शराब पी रखी है तो उसका वाहन चालू ही नहीं होगा। यह लाक सिस्टम ड्राइवर की फोटो खींचकर अधिकारियों को सतर्क कर देगा। सिंगापुर में मैंने एक स्टार्टअप देखा जो हेलमेट के लिए वायरलेस सेंसर बनाता है। यह चालक को पहुंचने वाली किसी भी चोट की खबर उसकी लोकेशन के साथ उसके परिवार और दोस्तों को देता है, जिससे उसका बचाव तत्काल संभव हो सकता है। यह उन मामलों को कम कर देगा, जिनमें किसी व्यक्ति की जान समय पर मदद न मिल पाने के कारण चली जाती है। ऐसे ही नवाचारों के जरिये हमारी सड़कों को भी स्मार्ट बनाए जाने की जरूरत है और मानवीय निर्भरता को कम करते हुए ट्रैफिक नियमों को एआइ के इस्तेमाल से लागू किया जाना चाहिए। एआइ पर आधारित आसान तरीकों से किसी भी ओवरलोडेड ट्रक और ट्राली को ट्रैक किया जा सकेगा और उनके आकार को देखकर उन्हें रोका जा सकेगा। सड़कों पर रोशनी को कई गुना बेहतर किया जा सकता है। इसी प्रकार सड़क पर चल रहे पुराने और क्षतिग्रस्त वाहनों का पता भी एआइ का इस्तेमाल कर सुगमता से लगाया जा सकता है। निःसंदेह तमाम सावधानी बरतने के बावजूद सड़क हादसों को पूरी तरह रोक पाना संभव नहीं, लेकिन उसके बाद लोगों की जान बचाने के उपाय तो किए ही जा सकते हैं। दुर्घटना के बाद पहले घंटे को 'गोल्डन आवर' कहते हैं। यदि इस आरंभिक एक घंटे में प्राथमिक चिकित्सा मिल जाए तो दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जान बचाने में मदद मिल सकती है। इसके लिए ड्राइविंग लाइसेंस लेते समय लोगों का 'फर्स्ट एड' टेस्ट पास करना अनिवार्य बनाना होगा। स्कूलों और कालेजों में भी युवाओं को आकस्मिक प्राथमिक चिकित्सा में दक्ष बनाना होगा, ताकि वे किसी भी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के अस्पताल पहुंचने से पहले जीवन रक्षा चिकित्सा प्रदान करने में सक्षम हो सकें। कुछ समय पहले दुबई में यह देखा गया कि वहां सड़क दुर्घटना में प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने के लिए ड्रोन का उपयोग किया गया। भारत में भी इसे आजमाया जा सकता है।

# आत्मविश्वास से भरी भाजपा बिखराव के साथ दिशाहीनता से भी ग्रस्त दिखता विपक्ष

दिल्ली में संपन्न अपनी दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में भाजपा ने भावी चुनौतियों और विशेष रूप से आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर जैसा आत्मविश्वास दिखाया, उससे यही पता चला कि वह विपक्ष को मात देने के लिए कमर कसे हुए



हैं। जहां भाजपा अपनी आगामी रणनीति को लेकर स्पष्ट और अपने लक्ष्य को लेकर केंद्रित है, वहीं विपक्ष बिखराव के साथ दिशाहीनता से भी ग्रस्त दिखता है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा समाप्त होने को है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि वह इस यात्रा से संदेश क्या देना चाहती है, क्योंकि उसके नेता और विशेष रूप से राहुल गांधी एक साथ विभिन्न मुद्दों पर बोल रहे हैं। मुश्किल यह है कि वह कोई नया विचार या एजेंडा पेश नहीं कर पा रहे हैं। अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्होंने शायद ही ऐसी कोई बात कही हो, जो वह पहले न कह चुके हों। कांग्रेस विपक्षी दलों को अपने नेतृत्व में एकजुट करना चाहती है, लेकिन कई विपक्षी नेता उसका साथ लेने को तैयार नहीं। इनमें से एक भारतीय राष्ट्र समिति के नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर ने आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और वामदलों को साथ लेकर एक रैली की। इसमें उन्होंने उन अनेक दलों को नहीं बुलाया, जो कांग्रेस के साथ मिलकर विपक्षी दलों को एकजुट करना चाहते हैं। माना जा रहा है कि केसीआर ने इसी कारण बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को नहीं बुलाया। ध्यान रहे कि नीतीश कुमार कांग्रेस को साथ लेकर विपक्ष को एकजुट करने की बातें कर रहे हैं।

# रजाई से बिछोह की कल्पना, ठंड को पास आने का आमंत्रण देने जैसा

जब धूप देखने के साथ खाने में भी अच्छी लगने लगती है। जब बाजार



में गेंदा और गुलाब के साथ गोभी का फूल भी बहुतायत के साथ आ जाता है। जब घर की छत पर रखी टंकी का पानी नहाने से डराने लगता है। तब रजाई रानी का मौसम आता है। आजकल यही मौसम चल रहा है। रजाई इस ठंड के समय में सबको कितनी प्यारी लगती है, यह बताने की जरूरत नहीं है। पिछले बीस-पच्चीस दिनों में जिस तरह की हाड़ कंपाने वाली शीतलहर चली है उसमें रजाई वालों ने जीते जी धरती पर ही स्वर्ग का अनुभव किया होगा। वैसे रजाई को स्त्रीलिंग मानना अर्थात 'रानी' कहना पूर्णतया सही नहीं है, क्योंकि इसका पर्यायवाची 'लिहाफ' राजा भले न हो, किंतु 24 कैरेट का पुल्लिंग तो होता ही है। बिस्तर भक्त या उपासक इस नरम-गरम ओढ़क में भगवान शिव के अर्ध नारीश्वर रूप के दर्शन कर सकते हैं। वास्तव में अपने देश में रजाई का इतिहास राजे-रजवाड़ों से भी ज्यादा पुराना है। इसका प्रमाण यह है कि राजे-महाराजे भी रजाई ओढ़ते थे। अंग्रेज जाड़े से निपटने के लिए अपने साथ चाय तो लेकर आए, किंतु रजाई की महिमा उन्होंने यहीं आकर जानी। माना जाता है कि कंबल और भ्रष्टाचार का आगमन देश में लगभग साथ-साथ हुआ। इसी के साथ कंबल ओढ़कर घी पीने की कला का विकास भी हुआ। दुशाला इस समुदाय का अपेक्षाकृत गरीब सदस्य है और चादर पिछड़े वर्ग की पहचान है।दरअसल रजाई तीन प्रकार के तत्वों-रुई, फर्द (खोल) और धागे से बनी माया है। जबकि पांच तत्वों- पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और हवा से बना यह शरीर काया कहलाता है, लेकिन रजाई माया ही है, क्योंकि ठंड में वह काया को खुद में समाने का आमंत्रण देती है। मीठी नींद और सुनहरे सपनों की दुनिया में विचरण करने का लालच देती है। अक्सर नादान मनुष्य उसके तिलिस्म में फंस जाता है और खुद को उसके हवाले कर देता है। रजाई से निकलने का मन नहीं करता। वास्तव में रजाई का त्याग करना किसी तप से कम नहीं। प्रातःकाल रजाई का त्याग करने में देरी के चलते कई आवश्यक काम धरे के धरे रह जाते हैं। इस प्रकार मनुष्य प्रदत्त तीन तत्व, ईश्वर के पांच तत्वों पर भारी पड़ जाते हैं। वैसे आजकल रुई की जगह नायलान और पता नहीं क्या-क्या भरकर रजाई बना दी जाती है, लेकिन इन सबमें रुई जैसी रूहानियत कहां। जाड़े की शुरुआत में रजाई का जब नया सत्र आरंभ होता है तो पहले उसे एक-दो दिन धूप दिखाई जाती है। इससे रजाई ओढ़ने वाले को भी ताजगी महसूस होती है। हालांकि कुछ लोग सीधे बक्से से निकालकर रजाई ओढ़ लेते हैं, जो कि गलत है। बासी रजाई में पिछले साल के भौतिक अवशेष धब्बों या सब्जी की ग्रेवी या मिठाई के खुरंट के रूप में चिपके हो सकते हैं। इसके अलावा एक रंगहीन गैस भी नाक को कृतार्थ करने को तत्पर रहती है। उसकी महक से पता लगाया जा सकता है कि पिछले साल मूली के पराठे खाने के बाद रजाई बक्से में रखी गई थी या उड़द की दाल। हमारे एक मित्र हैं। उनकी निजी रजाई कभी बक्से में नहीं रखी जाती है। इसके दो कारण हैं। पहला, मैन्यूफैक्चरिंग डिफेक्ट होने के कारण उन्हें ठंड बहुत लगती है। अतः रजाई से बिछोह की कल्पना मात्र से ही उनके शरीर का तापक्रम 98.4 डिग्री फारेनहाइट से बढ़कर 102 डिग्री फारेनहाइट हो जाता है। दूसरा कारण उनका संकल्प है। करीब दो दशक पहले जब मित्र और उनकी रजाई, दोनों जवान थे, तब उन्होंने रजाई को गले लगाकर कभी न बिछड़ने की कसम खाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद गणेश सिंह के अथक प्रयास से रीवा जबलपुर इंटरसिटी का स्टॉपेज अब झुकेही स्टेशन में भी होगा

(आधुनिक समाचार सेवा)
सतना। सांसद गणेश सिंह के अथक प्रयासों से रविवार को रीवा जबलपुर इंटरसिटी गाड़ी न. 22189/90 का स्टॉपेज झुकेही स्टेशन में हुआ इस अवसर में संसद प्रतिनिधि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता जेड आर यू सी सी के सदस्य संजय राय जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे उनके साथ मंचाशीन रहे भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य अवधेश परौहा चंद्रभान पटेल रमाकांत दुबे मंडल अध्यक्ष सुजीत शिवहरे एरिया मैनेजर आशीष जी राजेश पटेल जी व संचालन के के दुबे जी ने किया इस अवसर पर मंचाधीन अतिथियों का गुलदस्ता देकर सम्मान किया गया इस अवसर पर अरविंद गर्ग जी राजकुमार त्रिपाठी जी इंटरसिटी स्थापित झुकेही में होने पर सांसद सतना गणेश सिंह जी एवं सांसद प्रतिनिधि संजय राय जी के प्रति आभार



जताते हुए कहा कि निश्चय ही सांसद सतना गणेश सिंह जी एवं संजय राय जी बधाई के पात्र हैं जिनके प्रयासों से यह ट्रेन क्षेत्रवासियों को मिली रेलवे बोर्ड की बैठक में गंभीरता से इस मामले को संजय राय जी द्वारा बार-बार उठाया जाता था एवं सांसद महोदय से बार-बार स्टॉपेज किए जाने की बात संजय राय जी द्वारा की जाती थी जिसका नतीजा यह हुआ कि क्षेत्र की जनता को उक्त ट्रेन की सौगात मिली साथ ही मांग की है।

# संस्कार केंद्र स्कूल सरफाबाद सेक्टर -73 नोएडा ने जीती सरिता मिश्र मेमोरियल रोलिंग ट्रॉफी

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा।लोक मंच द्वारा आयोजित ठपहला कदम ठसांस्कृतिक प्रकल्प के अंतर्गतठ सरिता मिश्र मेमोरियल रोलिंग ट्रॉफीठ में भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्ग में भाषण प्रतियोगिता हुई जिसके विषय इस प्रकार थे। 1-मेरे सपनों का विद्यालय 2-मेरी दिनचर्या 3-मेरे जीवन का आदर्श 4-मेरे जीवन का लक्ष्य एवं द्वितीय वर्ग में वाद - विवाद की प्रतियोगिता हुई जिसके विषय इस



आज की प्रतियोगिता में संस्कार केंद्र सरफाबाद सेक्टर -73 नोएडा ने ठसरिता मिश्र मेमोरियल रोलिंग ट्रॉफीठ मैं बाजी मारी। प्रतियोगिता में कुल 30 बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम वर्ग में कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के 14 बच्चे एवं द्वितीय वर्ग में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के 16 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की शुरुआत गायत्री मंत्र से की गई। प्रथम प्रकार थे। 1-महिला शिक्षा वरदान या अभिशाप 2-जीवन में मोबाइल वरदान या अभिशाप प्रथम वर्ग में पूजा ने प्रथम , प्रीति ने द्वितीय ,पलक एवं आयुष ने तृतीय स्थान में प्राप्त किया वहीं द्वितीय वर्ग में प्रथम स्थान में खुशी, द्वितीय स्थान में हर्षिता शालू एवं राखी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । आज निर्णायक मंडल में समाज के प्रबुद्धजनों ने निर्णायक की भूमिका निभाई, जिसमें रुपेश गोस्वामी, के के दीक्षित , महिपाल सिंह, श्रीमती विमलेश शर्मा ,श्रीमती रेनू शर्मा,श्रीमती रचना यादव, श्रीमती नीलम बिष्ट, श्रीमती सुंडली , श्रीमती मीता वरुण ,श्रीमती सुनीता खटाना ,लायन उमेश कुमार एवं माखनलाल जी थे। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों ने भी शिरकत की जिसमें मुख्य पी के मिश्र , गणेश शंकर त्रिपाठी, महेश सक्सेना , श्रीमती विभा बंसल श्रीमती लीका सक्सेना ,श्रीमती राजेश्वरी थ्यागराजन , श्रीमती इंद्रा चौधरी, श्रीमती पुष्पा सिंह, ,श्रीमती मीना, प्रदीप वोहरा, श्रीमती श्वेता त्यागी, महेंद्र अवाना , आर एन श्रीवास्तव , मुकुल वाजपेई , श्रीमती अनीता सक्सेना, गजानन माली एवं श्रीमती कंचन श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। नोएडा लोक मंच की कोषाध्यक्ष श्रीमती विभा बंसल ने सभी विद्यालयों का एवं उनके शिक्षकों का आभार व्यक्त किया एवं सभी निर्णायक मंडल के सदस्यों का एवं पी के मिश्र का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया कि उन्होंने नोएडा लोकमंच के साथ मिलकर यह प्रतियोगिता का आयोजन किया। अंत में पारितोषिक का वितरण हुआ एवं राष्ट्रगान के साथ यह प्रतियोगिता का समापन किया गया।

## इष्ट फाउंडेशन ने बालिकाओं को सिखाये आत्म सुरक्षा के गुण

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा। इष्ट फाउंडेशन द्वारा सेक्टर-58 स्थित खोड़ा कॉलोनी में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रोशनी कुमारी के नेतृत्व में आत्म सुरक्षा की कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसमें संस्था की सदस्य शीबा ईदृसी ने बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के गुण बताये व प्रशिक्षण दिया। अध्यापिका लक्ष्मी कुमारी ने इस बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिन का उद्देश्य भारतीय समाज में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली असमानताओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता फैलाना, बालिकाओं के अधिकारों और महिला शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था इस मौके पर निशा, सानिया, सलोनी, खुशबू, कीर्ति, अर्पिया, तानिया आदि उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष का मैहर नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

(आधुनिक समाचार सेवा)
मैहर। भारतीय जनता पार्टी सतना के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा का मैहर प्रथम नगर आगमन पर घंटाघर तिराहे सहित जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत। इसके तत्पश्चात उन्होंने मां शारदा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए सतना के लिए रवाना हो गए जहां इस मौके पर मुख्य रूप से,नगर मंडल प्रभारी डॉ रवि शंकर द्विवेदी,पूर्व पार्षद प्रमोद सिंह,रवि सर्राफ, महेश तिवारी, दिलीप त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश चौरसिया, विष्णु चौरसिया, अनुपम सोनी, प्रकाश तिवारी, विनोद चौरसिया, संतोष पांडेय, दुर्गेश पांडेय, रोहित ताम्रकार, मधुर ओचनी,भक्ति शर्मा, संगीता अग्रवाल, सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# जीएल बजाज कॉलिज ने किया निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा। जीएल बजाज इन्स्टीट्यूट आफ मैनेजमेण्ट एण्ड रिसर्च के पीजीडीएम विभाग ने एसोसिएशन आफ म्यूचुअल फण्ड इन इण्डिया के सहयोग से ठधन सृजन समृद्धि का एक साधनठ विषय पर एक दिवसीय निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन के मुख्य अतिथि सेक्यूरिटीज एण्ड एक्सचेन्ज बोर्ड आफ इण्डिया के कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आजकल के परिवेश में लोगों को निवेश की प्रमाणिकता से डरना लगता है लेकिन यहाँ मै आपको आश्वस्त करता हूँ कि आपका पैसा हमारे पास सुरक्षित है। बस आपको निवेश करते समय केवल बाजार जोखिम पर ध्यान रखना होगा। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से निवेश कर आय बढ़ाने की सलाह दी। दूसरे सत्र के मुख्य




वक्ता एएमएफआई के सीनियर कंसल्टेंट सूर्यकान्त शर्मा ने छात्रों को सलाह दी कि आप सभी अपने पहले वेतन से ही बचत शुरू करें। उन्होंने कहा कि भारतीय विश्व में बचत के मामले में शीर्ष पर है, लेकिन निवेश के मामले में हम पीछे रह जाते हैं। उन्होंने बताया कि अपने पैसे का बढ़ा हुआ मूल्य प्राप्त करने और अपने बचत पर अधिकतम रिटर्न के लिए हमें निवेश करना चाहिए। पीजीडीएम विभाग की निदेशिका डॉ0 सपना राकेश ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा दिए टिप्स व सुझाव न केवल छात्रों को ब्लकि समस्त श्रोतागणों के लिए भी हितकारी एवं उपयोगी होगें। उन्होंने कहा कि जीएल बजाज संस्थान अपने छात्रों के व्यावसायिक एवं व्यावहारिक प्रगति हेतु ऐसे कार्यक्रमों का निरन्तर आयोजन करता रहेगा। और सभी अतिथियों का कार्यक्रम में भाग लेने के लिये आभार प्रकट किया।

# बीमा पॉलिसी कराने के नाम पर 2 करोड 67 लाख रू0 की ठगी करने वाले 2 साइबर ठग गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा। साईबर सेल गौतम बुद्धनगर तथा थाना सेक्टर 20 नोएडा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये बीमा पॉलिसी कराने के नाम पर 02 करोड 67 किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 02 मोबाइल फोन बरामद। वर्ष 2020 में श्री सुरेन्द्र कुमार बंसल जो कि एस्कोर्ट ग्रुप से वर्ष 2005 में सेवानिवृत हुए थे। इनके फोन पर ठगों द्वारा काल कर




लाख रू0 की ठगी करने वाले 1. करूणेश कुमार द्विवेदी पुत्र रमाकान्त द्विवेदी निवासी ग्राम पैकोली बाबू थाना हाटा जिला कुशीनगर वर्तमान निवासी श्रीबालाजी एन्क्लेव पटियाला रोड थाना जीरकपुर मोहाली पंजाब 2. अनिल शर्मा पुत्र विजय कुमार उपाध्याय निवासी ग्राम बोलिया थाना कप्तानगंज जिला कुशीनगर उ0प्र0 वर्तमान पता म0न0 211 बादल कालोनी थाना जिरकपुर मोहाली पंजाब को जयपुरिया प्लाजा सेक्टर 31 से गिरफ्तार इन्श्योरेंस पालिसी पूर्ण होने तथा फंसे हुए पॉलिसी के पैसे को निकालने का लालच देकर, पीडित के खाते से 2 करोड 67 लाख रू0 अपने विभिन्न 14 खातों में ट्रान्सफर कराने की घटना घटित की गयी थी, इस सम्बन्ध में पीडित सुरेन्द्र कुमार बंसल की पुत्री द्वारा थाना सेक्टर 20, नोएडा पर मु0अ0सं0 761/2020 धारा 420/406/34 भादवि व 66 आईटी एक्ट पंजीकृत कराया गया था। उक्त घटना के अनावरण हेतु साईबर सेल व थाना सेक्टर 20 की संयुक्त टीम द्वारा अथक परिश्रम कर उक्त घटना का अनावरण करते हुए, उक्त दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। विवरण गिरफ्तार अभियुक्तों करूणेश कुमार द्विवेदी व अनिल शर्मा जनपद कुशीनगर के पैकोली कस्बे से भोले भाले लोगों को भ्रमित कर उनके नाम से सिम खरीद लेते थे तथा अपने साथियों 1. दुष्यन्त राणा 2. जितेन्द्र राणा 3. कैलाश उर्फ सोनी 4. शरद ठाकुर 5. आदित्य आदि के साथ मिलकर अपने प्रोफेशन के माध्यम से पूर्व से ही एकत्रित की गई, बंद पॉलिसी धारकों के डेटा में से नाम व नम्बर सर्च कर कॉल करते थे तथा पॉलिसी धारक को झूठा प्रलोभन देकर की उसकी पॉलिसी मैच्योर हो चुकी है और पॉलिसी का पैसा वापस कराने का झांस देते थे। **अभियुक्तों का विवरणः** (1) करूणेश कुमार द्विवेदी पुत्र रमाकान्त द्विवेदी निवासी ग्राम पैकोली बाबू थाना हाटा जिला कुशीनगर वर्तमान पता श्री बालाजी एन्क्लेव पटियाला रोड थाना जीरकपुर मोहाली पंजाब (2) अनिल शर्मा पुत्र विजय कुमार उपाध्याय निवासी ग्राम बोलिया थाना कप्तानगंज जिला कुशीनगर उ0प्र0 हालपता म0न0 211 बादल कालोनी थाना जिरकपुर मोहाली पंजाब पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरण 1. मु0अ0स0 761/2020 धारा 420/406/34 भादवि व 66 आईटी एक्ट थाना सेक्टर 20 नोएडा बनाम 1- करूणेश कुमार द्विवेदी 2- अनिल शर्मा उपरोक्त 2. मु0अ0स0 91/2021 धारा 306/34/406/420 भादवि थाना महम जिला रोहतक हरियाणा। **बरामदगी का विवरणः-** 2 मोबाइल।

# सपा ने छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा। समाजवादी पुरोधा एवं छोटे लोहिया के नाम से मशहूर स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि सेक्टर 102 स्थित भंगेल कार्यालय में मनाई



गई। इस अवसर पर जिला ग्रामीण के निवर्तमान महासचिव व प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने सपा नेताओं के साथ जनेश्वर मिश्र जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बोलते हुए सपा ग्रामीण के निवर्तमान महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेन्द्र दुबे ने कहा कि समाजवादी विचारधारा के प्रति दृढ निष्ठा के कारण पण्डित जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध थे। वे कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे। उन्होने मोरारजी देसाई, चैधरी चरण सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, एचडी देवगौड़ा और इंद्रकुमार गुजराल के मंत्रिमण्डलों में काम किया। सात बार केन्द्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास न अपनी गाड़ी थी और न ही बंगला। उन्होंने गरीबों, मजदूरों, किसानों व नौजवानों के हित के लिए जीवन भर संघर्ष किया। छात्रों के मुद्दे पर जनेश्वर मिश्र ने कई आंदोलन छेड़े जिसमें छात्रों ने उनका बढ-चढ़ कर साथ दिया। 1967 में उनका राजनैतिक सफर शुरू हुआ। फूलपुर सीट पर 1969 में उपचुनाव हुआ तो जनेश्वर मिश्र सोशलिस्ट पार्टी से मैदान में उतरे और जीते। लोकसभा में पहुंचे तो राजनारायण ने छोटे लोहिया का नाम दिया। इस अवसर पर व्यापार सभा के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने चुनाव में इंदिरा मंत्रिमंडल में पेट्रोलियम मंत्री केडी मालवीय एवं राजघराने के वीपी सिंह जैसे दिग्गजों को परास्त करने का काम किया। राजनैतिक शुचिता के पक्षधर , गरीबों,किसानों,नौजवानों की आवाज को जीवन भर बुलंद रखने वाले जनेश्वर जी सभी के ह्रदय में हमेशा मौजूद रहेंगे। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाजवाद की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता जय करण चौधरी, व्यापार सभा के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज गोयल, निवर्तमान कोषाध्यक्ष संजय त्यागी, विनोद सिंह, सुबोध गोयल, अनिल कुमार जिंदल, रवीन्द्र चौहान, दीपक, रोहित सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आधुनिक डिजिटल परिवेश में सफल मार्केटिंग हेतु आर्टिफीशियल इन्टेलिजेंस में बदलाव की आवश्यकता है

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा। स्थित जीएल बजाज इन्स्टीट्यूट आफ मैनेजमेण्ट एण्ड रिसर्च के पीजीडीएम विभाग में ठट्रांसफार्मिंग मार्किटिंग विद आर्टिफिशियल इण्टेलिजेन्स रिइन्वेटिंग कस्टमर एक्सपिरियन्सेस इन द डिजिटल एराठ विषय पर एक




दिवसीय मार्केटिंग समिट 2023 का सफल आयोजन किया गया। इस समिट के उद्घाटन समारोह के अवसर पर समिट के सम्माननीय अतिथियों में मीडिया जगत के प्रख्यात पत्रकार प्रभु चावला के अतिरिक्त कारपोरेट जगत से इन्फोएज़ इण्डिया लिमिटेड के सीएमओ सुमित सिंह, अल्ट्राटेक सीमेण्ट लिमिटेड के संयुक्त अध्यक्ष सुमत गुप्ता, मदरडेयरी के मार्केटिंग हेड नेहल वोरा, इण्डिया एशियन कन्सेट्रिक्स के सीनियर मार्केटिंग डायरेक्टर शान्तनु चक्रवर्ती, प्राइस वाटर हाउस कूपर्स के निदेशक डॉ0 अपराजिता प्रसाद, आईएफबी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के बिजनेस हेड सौरभ त्यागी, वेबिजडम के फाउण्डर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर अमरदीप बाजपेयी एवं एफएमएस, दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ0 हर्ष वर्मा, आइएमटी गाजियाबाद के प्रोफेसर डॉ0 हरविन्दर सिंह आदि ने अपने विचार एवं अनुभवों को साझा किया। जीएल बजाज संस्थान के छात्रों, शिक्षक एवं कर्मचारीयों के साथ अन्य शैक्षिक संस्थाओं के लगभग 600 विद्वानों ने इस समिट में भाग लिया।मुख्य अथिति प्रभु चावला ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्र अपने विवेक का इस्तेमाल करके ही टेक्नालॉजी को अपनायें व्यावसायिकता में प्रयोग कर सकते है लेकिन छात्र इस पर पूरी तरह निर्भर न रहे। सुमत गुप्ता ने उत्पादन की भौतिक उपस्थिति, मजबूत वितरण, सप्लाई चेन और आपरेशन पर इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इण्डस्ट्री की सफलता में विनिर्माण रसद, चैनल पार्टनर, उपभोक्ता सीआएम मूल्य श्रृंखला के सदस्यों से विचार-विमर्श आदि की महत्वपूर्ण महत्ता पर भी प्रकाश डाला। सभी पैनलिस्ट जनों ने अपने विषयक वक्तव्यों एवं अपने अनुभवों को छात्रों से साझा किया, जिससे छात्र निश्चित रूप से मार्केटिंग की बारीकियों को सीखकर लाभान्वित होंगे। संस्थान की निदेशिका डॉ0 सपना राकेश ने सभी सम्मानित अतिथियों व पैनलिस्ट जनों का अभिवादन करते हुए कहा कि इस समिट का प्रमुख उद्देश्य छात्रों में आधुनिक डिजिटल परिवेश में मार्केटिंग की बारीकियों एवं क्षमता का विकास करना था। प्रश्नोत्तर सत्र में सभी पैनलिस्टों ने छात्रों के प्रश्नों का उत्तर दिया। समिट के मुख्य समन्वयक जीएल बजाज के शिक्षकगण डॉ0 सुरभि सिंह, डॉ0 अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ0 सुनीता श्रीवास्तव एवं डॉ0 अमित कुमार ने सभी अतिथियों का अभिवादन करते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राज्य पुलिस बलों और केंद्रीय एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने का सुझाव दिया

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। प्रौद्योगिकी समाधान अपनाने के साथ-साथ पैदल गश्त जैसे पारंपरिक पुलिस तंत्र को बढ़ावा देने पर जोर दिया। पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के 57वें अखिल भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने अप्रचलित आपराधिक कानूनों को निरस्त करने, राज्यों में पुलिस संगठनों के लिए मानकों के निर्माण का सुझाव दिया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने क्षमताओं का लाभ उठाने और सर्वोत्तम तरीकों को साझा करने के लिए राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया।बयान के मुताबिक, उन्होंने उन्होंने अधिकारियों द्वारा लगातार दौरे कर सीमा के साथ-साथ तटीय सुरक्षा को मजबूत करने पर चर्चा की।प्रधानमंत्री ने पुलिस बल को अधिक संवेदनशील बनाने और उन्हें उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षित करने का सुझाव दिया और एजेंसियों में डाटा विनिमय को सुचारू बनाने के लिए राष्ट्रीय डाटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क के महत्व को रेखांकित किया।उन्होंने सुझाव दिया कि जहां पुलिस बल को बायोमेट्रिक्स आदि जैसे तकनीकी समाधानों का और अधिक लाभ उठाना चाहिए, वहीं पैदल गश्त जैसे पारंपरिक पुलिस तंत्र को और मजबूत करने की भी आवश्यकता है। मोदी ने जेल प्रबंधन में सुधार के लिए जेल सुधारों का भी समर्थन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने उभरती चुनौतियों पर चर्चा करने और अपनी टीम के बीच सर्वोत्तम तरीकों को विकसित करने के लिए राज्य और जिला स्तरों पर डीजीपी/आईजीपी सम्मेलनों के मॉडल को दोहराने का आह्वान किया। सम्मेलन में पुलिस तंत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया, जिसमें आतंकवाद रोधी, जवाबी कार्रवाई और साइबर सुरक्षा शामिल हैं।बयान में यह भी कहा गया था कि प्रधानमंत्री न केवल सभी सूचनाओं को धैर्यपूर्वक सुनते हैं, बल्कि स्वतंत्र और अनौपचारिक चर्चा को भी प्रोत्साहित करते हैं ताकि नए विचार सामने आ सकें।

# मंदिरों से घंटा चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

(आधुनिक समाचार सेवा)
बाँदा । यू0पी0 के बांदा में ऑपरेशन



क्लीन के तहत मंदिरो से घंटा चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का किया पर्दाफाश, जनपद के कई मंदिरो को बना चुके थे शिकार, घंटा चोर गिरोह को पकड़ने के लिये पुलिस ने बिछा रखा था जाल, अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी बबेरू के नेतृत्व में पुलिस 4 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार जबकि 5 अभियुक्त अभी भी है फरार, सभी आरोपी जनपद बांदा और फतेहपुर के है निवासी, पुलिस ने लगभग 3 लाख कीमत के 6 कुंतल घंटे किये बरामद साथ ही चोरी में प्रयोग किये जाने वाली बोलेरो गाड़ी भी किया बरामद, इसके अलावा चोरी के घंटो की खरीद फरोख्त करने वाले व्यापारी को भी किया गिरफ्तार।पूरा मामला बांदा जनपद के थाना बिसंडा और मरका थाने का है जहां पर घंटा चोरो ने अलग-अलग मंदिरो से घंटो की चोरी करी, जिसके बाद से बांदा पुलिस घंटा चोरो को गिरफ्तार करने के लिये जुट गयी, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 3 अभियुक्तों को पुनाहुर ओवरब्रिज बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से व 1 अभियुक्त को बबेरू थाना क्षेत्र से किया गिरफ्तार, पुलिस की कड़ाई से पूंछतांछ करने पर आरोपियों ने कई जनपदों में घंटा चोरी करने की बात कबूली साथ ही चोरी किये गये घंटो को बबेरू के बर्तन व्यापारी राजा गुप्ता व रामदीन गुप्ता के दुकान पर आधे दामों में बेंचते थे, पुलिस ने बताया सभी आरोपी जनपद बांदा और फतेहपुर के निवासी है जो कई जनपदों में घंटा चोरी के घटना को दे चुके है अंजाम।

# प्रदेश महासचिव बनाए गए धर्मेश घई मिली बड़ी जिम्मेदारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
मैहर ।कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष रह चुके धर्मेश घई रोमी भैया को रास्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के मुखिया पूर्व रास्ट्रीय अध्यछ राहुल गाँधी की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश के कांग्रेस अध्यछ एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है बताया जा रहा है कि यह धर्मेश घई रोमी भैया की कार्यकुशलता एवं संगठन को तेजी से बढ़ाने की क्षमता को देखते हुए उन्हें दायित्व सौंपा गया है अब जिसको लेकर पूरे मध्यप्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए धर्मेश घई तेजी से काम करेंगे और संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस को हाथ जोड़ो यात्रा के माध्यम से एकजुट कर एक मजबूत मुट्ठी बनाने का काम किया जाएगा धर्मेश घई है के प्रदेश सचिव बनने के बाद विंध्य में भी तेजी से कांग्रेस मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी ।



## मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना लगभग 7 लाख किसानों को 140 करोड़ से अधिक सहायता राशि का वितरण

(आधुनिक समाचार सेवा)
मैहर । मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना लगभग 7 लाख किसानों को 140 करोड़ से अधिक सहायता राशि का वितरण 22 जनवरी 2023 को स्थान सभाकक्ष तहसील कार्यालय मैहर में मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन किसान सहायता राशि का वितरण करेंगे, आज लगभग 35 हजार मैहर के किसान सीएम किसान सम्मान निधि से मुख्यमंत्री के हाथों लाभवन्तित होंगे इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी नपा अध्यक्ष गीता सोनी के अगुआई में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस दौरान मैहर तहसीलदार मानवेन्द्र सिंह द्वारा पुष्पगुक्ष देकर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी नपा अध्यक्ष गीता सोनी का सम्मान व स्वागत किया गया साथ ही आज तहसील मैहर के सभागार में मंच पर संजय रॉय, सत्यभान पटेल, संतोष सोनी, सहित आरआई दिनेश तिवारी , पटवारी मिथलेश तिवारी, देवेंद्र शुक्ल, नीलेश त्रिपाठी, लक्ष्मी, सुरेश मिश्रा, माला भटाचार्य, सिद्धार्थ पांडेय, एवम क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे, मंच का सफल संचालन राजलालन मिश्रा द्वारा किया गया।



# हमें खेलते हुए कोई नहीं देख रहा था मैच के बाद न्यूजीलैंड के आलराउंडर ने किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला मैच रांची में खेला गया। के लिए भारी संख्या में दर्शक स्टेडियम पहुंचे। इन दर्शकों के बीच भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी मौजूद वास्तव में बहुत अच्छा अहसास है। आपको लगता है कि आप नजर रखी जा रही है। आपको बल्लेबाजी या




कीवी टीम ने भारत को 21 रन से हराकर तीन टी20घ् मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। मैच के बाद न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी ने चौंकाने वाला खुलासा किया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि हमें खेलते हुए कोई नहीं देख रहा था। दर्शकों का ध्यान कहीं और था। दरअसल, भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 मैच झारखंड के रांची में आयोजित किया गया। मैच देखने रहे। मैच के दौरान दर्शकों के लिए धोनी आकर्षण का केंद्र रहे। कैमरा मैन ने जैसे ही बिग स्किन पर धोनी को दिखाया। दर्शकों ने धोनी-धोनी का उद्घोष किया। जिमी नीशम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट का अनुबंध ठुकराया मैच खत्म होने के बाद स्टार स्पोट्र्स से बात करते हुए न्यूजीलैंड के जिमी नीशम ने खुलासा किया की हमारी टीम को खेलते हुए कोई देख ही नहीं रहा था। जिमी नीशम ने कहा, यह गेंदबाजी करते देखने के लिए वास्तव में कोई नहीं है। हर कोई वहां किसी और को देखने के मौजूद था।बता दें कि नीशम ने हाल ही में अपनी फ्रेंचाइजी प्रतिबद्धताओं के चलते न्यूजीलैंड क्रिकेट के केंद्रीय अनुबंध को ठुकरा दिया है। फिलहाल वह न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा नहीं है। सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में मिचेल सैंटनर टीम का नेतृत्व कर रहे हैं।

# पहला टी20 आईपी पत्नी संग देखने पहुंचे माही, तो होम क्राउड ने लगाए धोनी-धोनी के नारे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धोनी अपनी पत्नी साक्षी धोनी के साथ अपने होम ग्राउंड रांची भारतीय टीम को स्पोर्ट करने पहुंचे है। बता दें कि भारत और न्यूजीलैंड न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे पहले टी-20 मैच में टीम इंडिया के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। इस मुकाबले को देखने के लिए और भारतीय टीम का मनोबल बढ़ाने के




के बीच खेले जा रहे पहले टी-20 मैच से पहले माही ने टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों से मुलाकात भी की था इस दौरान उनके रांची में न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों से भी मुलाकात की वीडियो तेजी से वायरल हुई थी। अब पहले टी-20 मैच के दौरान धोनी पत्नी साक्षी के साथ स्पॉट हुए। इस दौरान पूरे स्टेडियम में बैठे भारतीय फैंस धोनी को देखकर जोरों से चिल्लाने और हूटिंग करने लगे। बता दें कि भारत और लिए पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपनी पत्नी साक्षी धोनी के साथ रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम पहुंचे है बता दें कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें फैंस माही को स्टैंड्स पर देखकर बैठे देख फैंस तेजी से धोनी-धोनी के नारे लगाने लगे। इस दौरान फैंस के चिल्लाने की आवाज़े और हूटिंग सुनकर धोनी मुस्कुराते हुए फैंस को हाथ हिलाते हुए नजर आए।

# कीवी कप्तान ने बताया पहले टी 20 मैच में मिली जीत का सबसे बड़ा कारण



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मिचेल सैंटनर की अगुआई वाली न्यूजीलैंड टीम ने भारत के खिलाफ रांची में खेले गए पहले टी-20 मैच में 21 रनों से शानदार जीत हासिल की। कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 176 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 155 रनों पर ढेर हो गई। इस मैच में मिली जीत के बाद भी कीवी टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर को जीत पर विश्वास नहीं हुआ और उन्होंने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान एक बड़ा बयान दिया।''हम भी इससे काफी अचंभित हैं। हमें उम्मीद नहीं थी कि पिच इस तरह का टर्न मिलेगा। उस आखिरी ओवर में जब 27 रन आए और हम 176 के स्कोर पर पहुंचे तो हमें लगा था कि अब हम यहां से जीत हासिल कर सकते हैं और स्पिनरों ने कमाल किया। टी-20 में रन चेज सही होता है लेकिन आज हमने ज्यादा बेहतर खेल दिखाया जिसका हमें फायदा मिला। हमने पॉवर प्ले का अच्छा इस्तेमाल किया जो जीत का कारण बना। इसके साथ ही उन्होंने आगे बताया कि वह टॉस जीतना चाहते थे और जीतकर पहले गेंदबाजी करना चाहती थे। ऐसा इसलिए क्योंकि मैदान पर लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड शानदार रहा है और ओस के कारण उन्हें पहले गेंदबाजी करनी थी। मिचेल ने साथ ही कहा कि, टॉस के समय हम गेंदबाजी करना चाहते थे, क्योंकि यहां लक्ष्य का पीछा करना काफी अच्छा होता है, खासतौर पर ओस के साथ, हमेशा यही चुनौती होती है। आप आसान ओवर और इस तरह की चीजें करते हुए नहीं दिखना चाहते। हम जानते थे कि गेंद पावरप्ले में घूम रहा था और एक को आउट करना अच्छा था।

# करारी हार के बाद कप्तान हार्दिक ने इन्हें हराया हार का जिम्मेदार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के हाथों पहले टी-20 मैच में 21 रनों की हार का सामना करना पड़ा। बता दें कि 27 जनवरी को खेले टीम की पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने अर्धशतक जड़ा और टीम की पारी को मुश्किल वक्त में संभाला। भले ही टीम जीत नहीं हो, लेकिन सुंदर ने सभी का दिल जरूर जीत लिया है। सुंदर ने पहले मैच में 28 गेंदों



गए पहले टी-20 मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। वहीं, न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कॉनवे और मिचेल के अर्धशतक की बदौलत 6 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम 155 रनों पर ही ढेर हो गई। मैच के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान कप्तान हार्दिक ने क्या कहा आइये जानते हैं इस आर्टिकल के जरिए।दरअसल, के बीच खेले गए पहले टी-20 मैच में 21 रनों से मिली हार के बाद टीम इंडिया के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि , मुझे अंदाजा नहीं था कि यहां कि पिच पर गेंद इतना टर्न होगी। हार्दिक ने कहा, बता दें कि भारतीय पर 178.57 के स्ट्राइक रेट से 50 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उनकी पारी से कप्तान हार्दिक भी प्रभावित हुए। हार्दिक ने सुंदर को लेकर कहा, जिस तरह से वॉशिंगटन ने गेंदबाज़ी, बल्लेबाज़ी और फ़ील्डिंग की ऐसा लगा न्यूज़ीलैंड का सामना भारत से नहीं वॉशिंगटन से था। अगर वह और अक्षर जैसे खेल रहे हैं वैसे ही जारी रखते हैं तो इससे भारतीय क्रिकेट को काफ़ी मदद मिलेगी। हमें किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत थी जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर सके, हमें काफी आत्मविश्वास दे और यह हमें आगे बढ़ने में मदद करे।

# लगातार छक्के जड़कर डेरिल ने उड़ाए अर्शदीप सिंह के होश आखिरी ओवर में 27 रन ठोक भारत से छीनी जीत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मैच 27 जनवरी को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में गया। इस मैच में न्यूजीलैंड टीम ने टीम इंडिया को 21 रनों से मात दी इस मैच में कीवी टीम आखिरी ओवर में काफी महंगे साबित हुए। बता दें कि पहले टी-20 में 19 ओवर के बाद न्यूजीलैंड टीम का स्कोर 6 विकेट के नुकसान पर 149 रन था। एक पल को ऐसा लग रहा था कि टीम 160 रनों तक भी नहीं पहुंच पाएगी, क्योंकि अर्शदीप सिंह ने 18वें




की पारी का आखिरी ओवर रोमांच से भरपूर रहा, जहां डेरिल मिशेल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए अर्शदीप सिंह की जमकर पिटाई की और रनों की बौछार करते हुए एक ओवर में 27 रन बना दिए।दरअसल, भारतीय टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड टीम ने डेवोन कॉनवे और डेरिल मिशेल की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत को जीत के लिए 177 रनों का लक्ष्य दिया। बता दें कि कीवी टीम की पारी का आखिरी ओवर काफी रोमांच से भरपूर रहा, जहां डेरिल मिशेल की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी ने अर्शदीप सिंह के होश उड़ा दिए। अर्शदीप सिंह ओवर में सिर्फ दो ही रन दिए थे। उस ओवर में दो विकेट भी गिरे थे लेकिन, आखिरी ओवर में अर्शदीप सिंह भारतीय टीम के लिए विलेन साबित हुए। डेरेल मिशेल के आखिरी ओवर की लगातार तीन गेंदों पर छक्कों की बरसात कर भारतीय टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। इस ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर अर्शदीप ने 4 रन दिए बता दें कि अर्शदीप सिंह के टी-20 इंटरनेशनल करियर का यह दूसरा सबसे महंगा स्पेल रहा है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले साल अर्शदीप सिंह ने गुवाहाटी में टी20 मैच में 62 रन दिए थे, जिसके बाद उन्हें कई आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था।

# राशिफल

**मेष-:**इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी। माता का सहयोग मिलेगा।

**वृष-:**इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के अवसर नजर आ रहे हैं। करोबार सुचारू रहेगा और सुधार होगा।

**मिथुन-:**मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

**कर्क-:**सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। संतान सुख मिलेगा।

**सिंह-:**सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में सुखद परिणाम मिलेंगे।

**कन्या-:**इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। काम जोश के साथ करेंगे।

**तुला-:**नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों की खरीददारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक-:**इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से संपर्क हो सकता है।

**धनु-:**नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**मकर-:**परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ-:**मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर विजय मिलेगी।

**मीन-:**पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में रुचि रहेगी।






# हार्दिक नहीं बल्कि, रांची में दिखा लोकल बॉय ईशान का जलवा



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज यानी 27 जनवरी को रांची में पहला टी-20 मैच खेला जा रहा है। बता दें कि टीम इंडिया के कप्तान हार्दिक पांड्या ने पहले टी-20 मैच में टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। मैच से पहले हार्दिक पांड्या ने रांची के लोकल बॉय और टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज ईशान किशन को एक नई जिम्मेदारी दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, मैच से पहले हडल होता है, जिसमें कप्तान टीम को कुछ सलाह देता है। लेकिन पहले टी-20 मैच में टीम इंडिया की अलग हडल देखने को मिली।दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें भारतीय टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या मैच से पहले ईशान किशन को एक नई जिम्मेदारी देते नजर आए। बता दें कि मैच से पहले हडल में कप्तान हार्दिक नहीं, बल्कि ईशान किशन खिलाड़ियों को सलाह देते हुए नजर आए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो के दौरान ईशान खिलाड़ियों को हंसते हुए सलाह दे रहे है। इस दौरान युजवेंद्र चहल और सूर्यकुमार यादव उनकी बातों पर हंस रहे है। बता दें कि भारतीय कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। कप्तान हार्दिक ने प्लेइंग-11 में पृथ्वी शॉ, युजवेंद्र चहल, जितेश शर्मा और मुकेश कुमार को मौका नहीं दिया है। उन्होंने चहल की जगह कुलदीप यादव को मौका दिया है। भारतः शुभमन गिल, ईशान किशन (विकेटकीपर), राहुल त्रिपाठी, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या (कप्तान), दीपक हुड्डा, वॉशिंगटन सुंदर, शिवम मावी, उमरान मलिक, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच जब आखिरी बार रांची में खेला गया था

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रांची में भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन टी20 सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। इससे पहले खेली गई वनडे सीरीज में भारत ने कीवी टीम को 3-0 से हराया। साल 2021 में रांची में दोनों टीमें टी20 में आमने-सामने हुई थी। तब भारत ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से रौंदा था। न्यूजीलैंड और भारत के बीच रांची में साल 2021 के नवंबर महीने में टी20 मैच खेला गया था। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए थे। मार्टिन गप्टिल और डेरियल मिचेल ने ठोस शुरुआत दी थी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की थी। मार्क चैपमैन ने 21 रन का योगदान दिया था। ग्लेन फीलिप्स ने 34 रन की तेज पारी खेली थी। भारत की तरफ से चार गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला था, वहीं हर्षल पटेल ने 2 विकेट चटकाए थे।154 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने ताबड़तोड़ शुरुआत की। रोहित शर्मा और केएल राहुल के अर्धशतकों की बदौलत पहले विकेट लिए 117 रन की साझेदारी हुई। रोहित 55 रन तो केएल राहुल ने 65 रन की पारी खेली। भारत 16 गेंद शेष रहते तीन विकेट नुकसान पर 155 रन बनाकर जीत हासिल की थी।

# 2023 में इस टीम के साथ नई पारी का आगाज करेंगी मिताली राज जल्द मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल के सफल होने के बाद बीसीसीआई ने साल 2023 में पहली बार महिला आईपीएल के लिए मंजूरी दी है। बता दें कि महिला आईपीएल में कुल 5 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनका चयन हाल ही में किया गया है। पहले सीजन में पूर्व भारतीय महिला टीम की कप्तान मिताली राज एक नए रोल में नजर आ सकती है। दरअसल, काफी समय से यह चर्चा हो रही थी कि मिताली राज महिला आईपीएल में खेलते हुए नजर आएंगी। लेकिन, हाल ही में एक रिपोर्ट के मुताबिक मिताली नए टूर्नामेंट में बतौर मेंटोर जुड़ने वाली है। बता दें कि सबसे महंगी अहमदाबाद फ्रेंचाइजी की मेंटोर बनकर मिताली एक नई पारी का आगाज करती हुई नजर आ सकती है।बता दें कि मिताली राज ने 8 जून 2022 को अपने लंबे क्रिकेट करियर से संन्यास ले लिया था। ऐसे में उन्हें महिला आईपीएल 2023 में खेलता हुआ देखनी की सभी को उम्मीदें थी। बताया जा रहा है कि मिताली डब्ल्यूपीएल में खिलाड़ी के तौर पर खेलने की ख्वाहिशमंद थी, लेकिन टीमों ने कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखाई। बता दें कि बीसीसीआई को पांच टीमों की नीलामी से 4669.99 करोड़ रुपये मिले है। अहमदाबाद सबसे महंगी फ्रेंचाइजी है, जिसे अदाणी की मालिकाना हक वाली स्पोट्र्स लाइन प्राइवेट लिमिटेड ने खरीदा है। अहमदाबाद फ्रेंचाइजी करीब 1239 करोड़ रुपए में बिकी। इसके बाद, मुंबई फ्रेंचाइजी का नाम है, जो 912.99 करोड़ रुपए में बिकी।

# प्रदेश के वरिष्ठ आई०पी०एस० अधिकारी वर्तमान महानिदेशक अविनाश चन्द्र द्वारा नैनी औद्योगिक क्षेत्र मे आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस का हुआ भव्य उद्घाटन

## आधुनिक समाचार समूह अच्छी खबरों का बेहतरीन पैरोकार- अविनाश चन्द्र



**( आधुनिक समाचार सेवा )**
**नैनी/प्रयागराज।** वरिष्ठ आई०पी०एस० अधिकारी वर्तमान महानिदेशक अविनाश चन्द्र द्वारा नैनी औधोगिक क्षेत्र में स्थित आधुनिक समाचार पत्र के पब्लिशिंग हाउस का उद्घाटन किया गया इस अवसर पर अविनाश चन्द्र द्वारा समूह के पदाधिकरीयों, कार्यकर्ताओं सहायक सदस्यगणों एवं समूह से जुडे पत्येक सदस्यों की प्रशासा करते हुये कहा कि यह समूह बिना किसी भेदभाव के बेहतरीन समाचारो का पैरोकार है एवं क्षेत्रिय समस्याओं की छोटी से छोटी खबरो को शासन-प्रशासन तक पहुचाने का उति उत्म कार्य कर रहा है। उद्घाटन के अतिरिक्त इस अवसर पर अग्निशमन दल के सिपाहियो ने मिल कर कारखानों से लेकर धरेलू गैस सिलेंडर से लगने वाली आग के बारे मे सम्मत जानकारी देते हुए उसे कैसे बुझाएं उसका भी प्रदर्शन करके दिखाया और समझाया। कार्यक्रर्म में मुख्य रुप से मुख्य फायर अधिकारी प्रयागराज, सीओ० करछना, प्रयागराज, थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज, अग्निशमन अधिकारी नैनी उत्तर प्रदेश, राज्य औद्योगिक सघं अध्यक्ष अरविन्द राय, नैनी औद्योगिक सघं के राजीव नैय्यर, सम्पादक डा० पुनीत अरोरा, डा० दीपक अरोरा, संजीव केशरवानी, वीकान्त, सुधाशु शर्मा, मो० इम्तियाज, शिवम, रोहन, विवेक, सीता सहित आधुनिक समाचार टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।









































उध्घाटन समारोह की कुछ झलकिया

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।